


# तरुण छत्तीसगढ़

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026
वर्ष 37 अंक 80 | कोरबा, शनिवार, दिनांक 20 दिसम्बर 2025 डाक 21 दिसम्बर 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए




# 8 हाथियों की मौत, ट्रेन की चपेट में आए, मचा हड़कंप



**असम, 20 दिसम्बर [एजेंसी]।**

असम के लुमडिंग डिवीजन में शनिवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ, जहां सैरांग-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस जंगली हाथियों के झुंड से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रेन का इंजन और पांच डिब्बे पटरी से उतर गए। वन अधिकारी ने बताया कि शनिवार तड़के असम के होजाई जिले में सैरांग-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस की चपेट में आने से 8 हाथियों की मौत हो गई। राहत की बात यह है कि इस दुर्घटना में कोई यात्री हताहत नहीं हुआ। फिलहाल इस हादसे के चलते ऊपरी असम और पूर्वोत्तर की रेल सेवाएं बाधित हो गईं। रेलवे ने बचाव कार्य शुरू कर दिया है और यात्रियों को वैकल्पिक व्यवस्था कर आगे की यात्रा सुनिश्चित करने की प्रक्रिया चल रही है। दरअसल, यह रेल दुर्घटना पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) के लुमडिंग डिवीजन के तहत जमुनामुख-कामपुर खंड में हुई। जब शनिवार सुबह असम में जंगली हाथियों के झुंड से राजधानी एक्सप्रेस टकरा गई। इसके बाद राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन पटरी से उतर गई।

दुर्घटनास्थल गुवाहाटी से लगभग 126 किलोमीटर दूर स्थित है। घटना के तुरंत बाद राहत ट्रेनें और रेलवे अधिकारी बचाव अभियान शुरू करने के लिए घटनास्थल पर पहुंच गए। पटरी पर हाथियों के शरीर के टुकड़े बिखरने और डिब्बे उतरने के कारण ट्रेन सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। इस हादसे में प्रभावित डिब्बों के यात्रियों को ट्रेन के अन्य डिब्बों में उपलब्ध खाली बर्थों में अस्थायी रूप से बैठाया जाएगा। इसके बाद गुवाहाटी पहुंचने पर ट्रेन में अतिरिक्त डिब्बे जोड़े जाएंगे। ताकि सभी यात्रियों को सीट मिल सके और फिर ट्रेन अपने आगे की यात्रा के लिए रवाना हो सके।

# बांग्लादेश में दंगाइयों ने मीडिया दफ्तर फूंके, 27 साल में पहली बार नहीं छपा प्रोथोम आलो अखबार

**ढाका, 20 दिसम्बर [एजेंसी]।**

बांग्लादेश एक बार फिर से बड़ी हिंसा की चपेट में है। प्रदर्शनकारियों ने हाल में ही में जमकर उत्पात मचाया तथा कई इमारतों को निशाना बनाया और आग के हवाले कर दिया। दरअसल, शरीफ उस्मान हादी की हत्या के बाद बांग्लादेश में लोगों का गुस्सा भड़का और उन्होंने ढाका की सड़कों पर जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान भीड़ के हिस्से ने बांग्लादेश के प्रमुख दैनिक प्रोथोम आलो अखबार की इमारत को आग के हवाले कर दिया। इस दौरान किसी तरीके से बिल्डिंग के भीतर मौजूद पत्रकारों ने अपनी जान बचाई। समाचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए अखबार के एडिटर ने बताया कि बदमाशों ने मीडिया हाउस में तोड़फोड़ की और आग लगा दी। इससे पत्रकारों को ऑफिस से भागना पड़ा और अखबार और उसके ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का पब्लिकेशन रुक गया। इस घटना को लेकर बात करते हुए



शरीफ ने कहा कि यह हमला कल देर रात हुआ जब पत्रकार अगले दिन के अखबार और ऑनलाइन कंटेंट पर काम कर रहे थे। आगे उन्होंने कहा कि लोगों में गुस्सा था और बदमाशों ने उस गुस्से को अखबारों को नुकसान पहुंचाने की तरफ मोड़ दिया। इसके कारण हमारे पत्रकार काफी डर गए और उन्हें ऑफिस से भागना पड़ा।

अखबार के एडिटर ने बताया कि हमले के कारण, प्रोथोम आलो आज अपना प्रिंट एडिशन पब्लिश नहीं कर पाया, और इसका ऑनलाइन प्लेटफॉर्म कल रात से ऑफलाइन है। आगे कहा कि 1998 में हमारी स्थापना के बाद से, 27 सालों में यह पहली बार है जब हम अपना अखबार पब्लिश नहीं कर पाए हैं। यह अखबारों के लिए सबसे काली रात है। इस घटना की गंभीरता को देखते हुए एग्जीक्यूटिव एडिटर ने सरकार से उचित जांच करने, जिम्मेदार लोगों की पहचान करने और बदमाशों को न्याय के कटघरे में लाने का आग्रह किया। उन्होंने इस घटना को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और प्रेस की स्वतंत्रता पर हमला करार दिया।

# पाक के पूर्व पीएम पर कोर्ट का बड़ा फैसला, इमरान खान और पत्नी बुशरा बीबी को 17 साल की कड़ी सजा

**कराची, 20 दिसम्बर [एजेंसी]।**

भ्रष्टाचार से जुड़े मामले में जेल में बंद इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को पाकिस्तान कोर्ट ने 17-17 साल की सजा सुनाई है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक स्पेशल कोर्ट ने शनिवार को PTI के संस्थापक इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को तोशाखाना-2 मामले में ये सजा सुनाई है। दरअसल, ये पूरा मामला साल 2021 में एक आधिकारिक दौरे के दौरान सऊदी क्राउन प्रिंस द्वारा इमरान को गिफ्ट किए गए एक महंगे बुल्गारी ज्वेलरी



सेट को बहुत कम कीमत पर खरीदने से जुड़ा है। पाकिस्तानी अखबार द डॉन की एक रिपोर्ट के अनुसार, इमरान खान को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 409 (आपराधिक विश्वासघात) के तहत 10 साल का कठोर कारावास और धारा 5(2)47 (लोक सेवकों द्वारा आपराधिक कदाचार) के तहत सात साल की सजा सुनाई गई। स्पेशल कोर्ट ने इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी को भी इन्हीं प्रावधानों के अनुसार, कुल 17 साल जेल की सजा सुनाई गई। इसके अलावा दोनों पर 16.4 मिलियन रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। पाकिस्तान के कानून के अनुसार, जुर्माना न देने पर उन्हें और ज्यादा जेल की सजा होगी। निचली कोर्ट के इस फैसले के खिलाफ इमरान और बुशरा की लीगल टीमों हाई कोर्ट में फैसले को चुनौती देने की बात कही है।

# सीएम विष्णुदेव साय ने एसएसबी के साहसी जवानों को दी बधाई

**रायपुर 20 दिसम्बर।** सीएम विष्णुदेव साय ने एसएसबी के साहसी जवानों को बधाई दी, और कहा, 'सशस्त्र सीमा बल' के स्थापना दिवस के पावन अवसर पर देश की सीमाओं की रक्षा में सदैव मुस्तैद एसएसबी के साहसी जवानों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ। राष्ट्र के प्रति आपका अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण हम सभी के लिए गर्व और प्रेरणा का प्रतीक है। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सशस्त्र सीमा बल के सभी जवानों और उनके परिवारों को स्थापना दिवस की बधाई दी। एक्स प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा सशस्त्र सीमा बल के सभी जवानों और उनके परिवारों को स्थापना दिवस की बधाई। उन्होंने कहा कि हमारी सीमाओं की रक्षा करने से लेकर संकट के समय नागरिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहने तक सशस्त्र सीमा बल ने हमेशा देश को गौरवान्वित किया है। अपने कर्तव्य का पालन करते हुए सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीदों को सलाम।



## शासकीय महाविद्यालय कोरबा में तनाव प्रबंधन विषय पर विशेष कार्यशाला आयोजित

**कोरबा ।** ईवीपीजी शासकीय महाविद्यालय कोरबा के मनोविज्ञान विभाग द्वारा महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए एक विशेष तनाव प्रबंधन विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मानसिक स्वास्थ्य और समग्र विकास की महत्ता को ध्यान में रखते हुए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया, ताकि छात्रों को तनाव को पहचानने, समझने और नियंत्रित करने के व्यावहारिक उपाय प्रदान किए जा सकें।

इस कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. शिखा शर्मा के मार्गदर्शन में डॉ. अवंतिका कौशिल विभागाध्यक्ष मनोविज्ञान विभाग द्वारा किया गया, जिन्होंने कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक और तीव्र जीवन में तनाव एक सामान्य समस्या बन चुकी है। उन्होंने छात्रों को तनाव से निपटने के लिए सकारात्मक मानसिकता, समय प्रबंधन, और आत्म-देखभाल के उपाय अपनाने के लिए प्रेरित किया।

विशेषज्ञ वक्ता संगीता चनापे द्वारा तनाव के कारण, उसके लक्षण, और प्रभावी तनाव प्रबंधन तकनीकों जैसे धीमी ध्यान, श्वास तकनीक, सकारात्मक सोच और व्यवहारिक कौशलों पर विस्तृत जानकारी दी गई। छात्रों ने सत्र के दौरान प्रश्न पूछकर अपनी विजज्ञासाएँ भी साझा कीं और व्यावहारिक उपायों के बारे में अहम जानकारी हासिल की।

कार्यक्रम को सफल बनाने में मनोविज्ञान विभाग के अतिथि व्याख्याता डॉ. शैलेन्द्र कुमार गौतम, डॉ. रूपमती मरावी, एम.ए. मनोविज्ञान विभाग के आकाश, बृजमोहन, भावना का अहम योगदान रहा। इस कार्यक्रम में अन्य विभाग के अतिथि व्याख्याता और बड़ी मात्रा में महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना, उनके आत्म-विश्वास को बढ़ावा देना और अध्ययन व रोज़मर्रा की चुनौतियों में बेहतर संतुलन बनाए रखने में सहायता करना है।

## अवैध रूप से परिवहन किए जा रहे 48 कट्टी धान जब्त, वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाए किसान

**कोरबा ।** बिंझरा समिति के नोडल अधिकारी श्री दीपक सिंह द्वारा 18 दिसंबर गुरूवार की रात्रि लगभग 7:30 बजे ग्राम भांवर के पास छोटा पीकप वाहन में अवैध रूप से धान परिवहन करते हुए 48 कट्टी धान जब्त किया गया था। जब्त धान को संबंधित वाहन सहित भांवर सरपंच के सुपुर्द रखा गया था।आज विधिवत कार्रवाई करते हुए नायब तहसीलदार एवं सहायक खाद्य अधिकारी पोड़ी उपरोड़ा द्वारा उक्त जब्त धान को थाना बांगो के सुपुर्द किया गया।

जांच के दौरान ग्राम बिंझरा निवासी श्री शंभूशरण सिंह द्वारा 48 कट्टी धान को अपना बताया गया। इसके पश्चात दिनांक 19 दिसम्बर 2025 को स्वामी हक की भूमि के अनुसार धान की मात्रा का भौतिक सत्यापन किया गया, जिसमें 140 कट्टी के विरुद्ध केवल 132 कट्टी धान पाया गया। इसके अतिरिक्त, जब्त 48 कट्टी धान के संबंध में संबंधित व्यक्ति द्वारा कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया जा सका। मामले में नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## सुगम, पारदर्शी और लाभकारी धान खरीदी - किसान राजवाड़े को मिला सम्मानजनक विक्रय अनुभव

**कोरबा ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में संचालित धान खरीदी व्यवस्था किसानों के लिए राहत और संतोष का कारण बन रही है। सर्वाधिक समर्थन मूल्य पर पारदर्शी, सुव्यवस्थित और सुविधाजनक व्यवस्था के चलते जिले के किसान बिना किसी परेशानी के अपना धान विक्रय कर रहे हैं।

इसी कड़ी में ग्राम कथरीमाल के निवासी किसान श्री मदन लाल राजवाड़े ने राज्य सरकार की धान खरीदी व्यवस्था से संतोष व्यक्त किया है। श्री राजवाड़े के पास तीन एकड़ कृषि भूमि है, जिसमें उत्पादित धान की 60 क्विंटल मात्रा उन्होंने कनकी उपार्जन केंद्र में सफलतापूर्वक विक्रय की। उन्होंने बताया कि 'तुंहर टोकन' ऑनलाइन ऐप के माध्यम से समय पर टोकन प्राप्त होने से केंद्र में भीड़ या किसी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा और संपूर्ण प्रक्रिया सहज व सरल रही।श्री राजवाड़े ने कहा कि उपार्जन समिति में तौल, भुगतान, बैठने, पानी एवं अन्य आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध हैं। सर्वाधिक समर्थन मूल्य मिलने से उन्हें फसल का उचित दाम प्राप्त हुआ है और किसी भी स्तर पर किसी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़ा।जिले में धान खरीदी का कार्य पूरी पारदर्शिता के साथ जारी है। ऑनलाइन टोकन प्रणाली, समयबद्ध तौल और सुगम व्यवस्थाओं ने किसानों का भरोसा बढ़ाया है। राज्य सरकार की यह पहल न केवल किसानों की आय सुरक्षा सुनिश्चित कर रही है, बल्कि उन्हें सम्मानजनक और परेशानी-मुक्त विक्रय का अनुभव भी दे रही है।

## पाली बस स्टैण्ड एवं शिव मंदिर मार्ग से हटाया गया बेजा कब्जा, यातायात व्यवस्था हुई सुगम

**कोरबा।** अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाली के मार्गदर्शन में आज नगर पंचायत पाली स्थित बस स्टैण्ड से अवैध एवं बेजा कब्जा हटाने की कार्यवाही की गई। दुकानदारों द्वारा सड़क के सामने शेड आदि लगाकर दुकान का संचालन किया जा रहा था, जिससे यातायात में बाधा उत्पन्न हो रही थी और आए दिन ट्रैफिक जाम की स्थिति बन रही थी। इससे आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था तथा दुर्घटना की संभावना भी बनी रहती थी।

नगर पंचायत पाली द्वारा पूर्व में संबंधित दुकानदारों को नोटिस जारी कर अवैध निर्माण हटाने के निर्देश दिए गए थे। नोटिस के बाद भी कब्जा नहीं हटाए जाने पर प्रथम चरण में आज बस स्टैण्ड पाली एवं शिव मंदिर पाली से चैतुरगढ़ मार्ग के मुख्य मार्ग के दोनों ओर किए गए बेजा कब्जे को हटवाया गया।कार्यवाही के दौरान सभी दुकानदारों को पुनः नोटिस जारी कर समझाइश दी गई कि भविष्य में सड़क पर अतिक्रमण न करें। बेजा कब्जा हटाने की इस कार्यवाही में तहसीलदार पाली श्री भूषण सिंह मंडावी, नायब तहसीलदार पाली, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत पाली, थाना प्रभारी पाली एवं संबंधित विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया कि आमजन की सुविधा एवं यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए आगे भी इस प्रकार की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

## प्लेसमेंट कैंप का आयोजन आईटीआई करतला में 22 और कोरबा में 23 दिसंबर को

**कोरबा ।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, कोरबा के द्वारा 22 दिसंबर को आई.टी.आई. करतला एवं 23 दिसंबर को आई.टी.आई. रामपुर कोरबा में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जायेगा। प्लेसमेन्ट कैम्प के माध्यम से सुजुकी मोटर्स (कैरियर ट्री) गुजरात के द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जाएगी। रिक्तियों का विवरण - अप्रेन्टिशीप, एफ.टी.सी. के कुल 440 रिक्त पदो के लिए, आयुसीमा- 18 वर्ष से 26 वर्ष तक एवं योग्यता- आई. टी. आई., कार्यस्थल - अहमदाबाद वेतनमान रूपये - 20,000/- से 25,000/- तक नियोजक द्वारा निर्धारित किया गया है।

# नवपदस्थ कलेक्टर कुणाल दुदावत ने ली जिला अधिकारियों की परिचयात्मक बैठक



कोरबा । नवपदस्थ कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत द्वारा आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला अधिकारियों की परिचयात्मक बैठक ली गई। जिसमें उन्होंने कहा कि जिले के विकास की गति को आगे बढ़ाने के साथ केंद्र और राज्य शासन की योजनाओं का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन पर प्रशासन का ध्यान केंद्रित रहेगा। साथ ही शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का जमीनी स्तर पर बेहतर क्रियान्वयन कर अंतिमछोर के व्यक्ति तक को लाभान्वित करना भी उनकी प्राथमिकता होगी। कलेक्टर ने उन्होंने सभी अधिकारियों को समन्वय बनाकर टीम भावना से काम करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर, डीएफओ कटघोरा श्री कुमार निशांत, डीएफओ कोरबा श्रीमती प्रेमलता यादव, जिला पंचायत सीईओ श्री दिनेश कुमार नाग, अपर कलेक्टर श्री देवेंद्र पटेल, एसडीएम सहित शिक्षा, स्वास्थ्य, खाद्य, कृषि, सहित अन्य विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने सभी अधिकारियों से परिचय लेते हुए विभाग के कार्यों की प्राथमिक जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी कर्मचारी कार्यालय में अनुशासन का पालन करें एवं समय पर उपस्थित रहकर अपने कर्तव्यों का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करें। कलेक्टर ने ई-ऑफिस के संबंध में जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि जिन विभागों द्वारा अभी तक ई-ऑफिस के माध्यम से कार्य नहीं किया जा रहा है, वे अनिवार्य रूप से एक जनवरी से इसका संचालन सुनिश्चत करते हुए फाइल को आगे बढ़ाये। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशन में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण की स्थिति की जानकारी ली। कलेक्टर श्री दुदावत ने शासन के दिशा निर्देश के तहत प्रशासन गांव की ओर शिविर लगाने के संबंध में दिशा निर्देश देते हुए आमजनता को योजनाओं की जानकारी देने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में धान खरीदी की स्थिति, उपार्जन केंद्र में आवश्यक व्यवस्था, भौतिक सत्यापन, टोकन की व्यवस्था, गेट पास की जानकारी ली और निर्देशित किया कि धान खरीदी में किसानों को किसी भी प्रकार की समस्याएं न हो। कलेक्टर ने 21 दिसम्बर को पल्स पोलियो दिवस की तैयारी के संबंध में स्वास्थ्य विभाग से जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने लोक सेवा गारंटी अधिनियम अंतर्गत प्रकरणों के समय-सीमा में निराकरण के निर्देश भी दिए। उन्होंने जिले में पर्यटन की बेहतर संभावनाएं होने की बात कहते हुए इस दिशा में रणनीति बनाकर कार्य करने की बात कही। कलेक्टर ने कहा कि जिले के विकास में प्रशासन एक टीम के रूप में निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं ईमानदारी से कार्य करते हुए आमजनों को लाभ पहुचाने की दिशा में कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि टीएल बैठक के साथ आगामी कुछ दिवस में सभी विभागों की समीक्षा बैठक करने की जानकारी देते हुए आवश्यक तैयारी के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री दुदावत ने विभागीय अधिकारियों को किसी सामग्री की खरीदी के लिए जेम पोर्टल का उपयोग सुनिश्चित करने और बाजार मूल्य से अधिक कीमत पर किसी सामग्री को खरीदी न करने के निदेश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि खरीदी में किसी प्रकार की गड़बड़ी की शिकायत सामने आने पर संबंधित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने डीएमएफ के अंतर्गत पूर्व स्वीकृत कार्यों को प्रक्रिया में रखने और आगामी वित्तीय वर्ष के लिए योजना तैयार करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए।

## मसीही समाज ने निकाला भव्य जुलूस

### लाल टोपियों और गीतों की धुन पर झूमा शहर



**कोरबा ।** प्रभु यीशु मसीह के जन्मोत्सव 'क्रिसमस' का उत्साह ऊर्जाधानी कोरबा में अपने चरम पर है। इसी कड़ी में मसीही समाज के तत्वाधान में एक विशाल जुलूस का आयोजन किया गया। शहर की सड़कों पर जब हजारों की संख्या में समाज के लोग उतरे, तो पूरा वातावरण भक्ति और उल्लास के रंगों में सराबोर हो गया। जुलूस की शुरुआत शाम लगभग 4 बजे कोरबा शहर स्थित मुख्य चर्च से हुई। पारंपरिक वेशभूषा और हाथों में शांति व प्रेम के संदेश लिए मसीही समाज के लोग 'बर्थ डे टू यू जीसस' के नारों के साथ आगे बढ़े। यह जुलूस शहर के विभिन्न मार्गों से होता हुआ घंटाघर चौक पहुँचा, जहाँ समापन पर प्रभु यीशु के शांति और मानवता के संदेशों का वाचन किया गया। जुलूस का आकर्षण इसकी भव्यता थी। आधुनिक डीजे सिस्टम, आकर्षक लाइटिंग और मसीही गीतों की मधुर धुनों ने समां बाँध दिया। जुलूस में शामिल युवा और बच्चे सिर पर सांता क्लॉज वाली लाल टोपी पहने हुए गीतों पर थिरकते नजर आए। महिलाएँ और बुजुर्ग भी पूरे उत्साह के साथ प्रभु की वंदना करते हुए चल रहे थे। खास बात यह रही कि इस आयोजन में केवल शहर ही नहीं, बल्कि पूरे कोरबा जिले से मसीही समाज के लोग अपनी उपस्थिति दर्ज कराने पहुँचे थे। भीड़ और जबरदस्त उत्साह के बावजूद, यह विशाल जुलूस पूरी तरह से अनुशासित और शांतिपूर्ण रहा। समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि इस जुलूस का मुख्य उद्देश्य आपसी भाईचारा और प्रभु यीशु के प्रेम के संदेश को जन-जन तक पहुँचाना है। सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रहा।

## टोकन तुंहर हाथ से बदली किसान की तक़दीर: गोढ़ी के किसान डमेंद्र डहरिया का कहना है

कोरबा । कोरबा जिले के विकासखंड कोरबा अंतर्गत ग्राम गोढ़ी के किसान श्री डमेंद्र कुमार डहरिया आधुनिक सुविधाओं और सरकार की किसान हितैषी व्यवस्था से संतुष्ट नज़र आते हैं। उन्होंने इस वर्ष लगभग 7 से 8 एकड़ भूमि में धान की फसल ली। उनके खेत में सिंचाई की पर्याप्त सुविधा उपलब्ध है, जहां बोर के माध्यम से नियमित सिंचाई होती है। इस वर्ष श्री डहरिया ने नकटीखार स्थित धान उपार्जन केंद्र में कुल 59 क्विंटल धान का विक्रय किया। उन्होंने बताया कि धान बेचने के दौरान उन्हें किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं हुई। पिछले वर्ष उन्होंने लगभग 63 क्विंटल धान बेचा था, और तब की तुलना में इस बार व्यवस्था और भी बेहतर रही। किसान का कहना है कि वर्तमान में धान उपार्जन केंद्रों पर किसानों को किसी तरह की परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ता। केंद्र पर पहुंचने के बाद लंबी कतारों में खड़े होने की मजबूरी नहीं है। टोकन तुंहर हाथ एप्लीकेशन के माध्यम से किसान हैं।

# चांपा से आए नाबालिगों ने तलवार से काटा बर्थडे केक-पुलिस ने पकड़ा

**कोरबा ।** औद्योगिक नगरी कोरबा के हेलीपैड पर गुरुवार की रात उस वक्त हड़कंप मच गया, जब जांजगीर-चांपा से आए कुछ युवकों और नाबालिगों को पुलिस ने तलवार से केक काटते रंगे हाथों पकड़ लिया। जन्मदिवस के जश्न के नाम पर सरेराह हथियारों का प्रदर्शन कर रहे इन रईसजादों की पार्टी पर मानिकपुर पुलिस ने पानी फेर दिया। पुलिस ने मौके से 3 फीट लंबी धारदार तलवार जब्त की हैद्य जानकारी के अनुसार, जांजगीर-चांपा जिले के चांपा से 8-9 युवक और नाबालिग दो लग्जरी गाड़ियों (स्कॉर्पियो और अर्टिगा) में सवार होकर कोरबा पहुंचे थे। इनमें से एक नाबालिग का जन्मदिवस था। कोरबा की कुछ नाबालिग सहेलियों के साथ मिलकर ये सभी रात के अंधेरे में हेलीपैड पर जश्न मना रहे थे। स्कॉर्पियो की छत पर केक रखकर 3 फीट की तलवार से उसे काटा गया और तेज म्यूजिक पर शोर-शराबा शुरू कर दिया गया।

इसी दौरान मानिकपुर चौकी की पेट्रोलिंग टीम वहां पहुंच गई। पुलिस को देखते ही पार्टी में अफरा-तफरी मच गई। पकड़े जाने के डर से युवकों ने आनन-फानन में तलवार को अर्टिगा कार के पीछे छिपा दिया, जबकि युवतियां स्कॉर्पियो में जा बैठीं। तलाशी के दौरान पुलिस ने धारदार तलवार बरामद कर ली। पूछताछ के दौरान एक वाहन चालक ने राजनीतिक पहुंच और रसूख का हवाला देते हुए पुलिस पर दबाव बनाने की भी कोशिश की, जो नाकाम रही। पुलिस सभी को हिरासत में लेकर मानिकपुर चौकी पहुंची। स्थानीय नाबालिग लड़कियों के परिजनों को बुलाकर उन्हें सख्त हिदायत के साथ सुपुर्द किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए कथित मुख्य आरोपी युवक के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है। नियमों के उल्लंघन पर वाहनों का चालान काटा गया है। घटना में प्रयुक्त तलवार जब्त कर ली गई है।

बाल कल्याण समिति के सदस्य मनोज ठाकुर ने जानकारी देते बताया की 'परिजनों की ढिलाई के कारण ही बच्चे इस तरह की खतरनाक गतिविधियों में शामिल हो रहे हैं। देर रात बच्चों का बाहर रहना और हथियारों के साथ जश्न मनाना चिंताजनक है। अभिभावकों को अपने बच्चों की संगति और गतिविधियों पर कड़ी नजर रखनी चाहिए।'

## अग्निवीर भर्ती हेतु जनवरी 2026 में होने वाली रैली के लिए एडमिट कार्ड जारी

**कोरबा ।** सेना भर्ती कार्यालय रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा दिनांक 10 जनवरी से 24 जनवरी 2026 तक इंडोर स्टेडियम धमतरी में छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के पुरूष उम्मीदवारों के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर क्लर्क/स्टोरकीपर व अग्निवीर ट्रेडसमेन 10 वीं व 8 वीं का आयोजन किया जा रहा है। सेना द्वारा 30 जून 2025 से 10 जुलाई 2025 तक ऑनलाईन सामान्य प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया था। ऑनलाईन परीक्षा में उत्तीर्ण उम्मीदवार शारीरिक दक्षता सहित और अन्य भर्ती प्रक्रियाओं में भाग ले सकेंगे। रैली में भाग लेने वाले योग्य उम्मीदवार को प्रवेश पत्र वेबसाईट और उनकी ईमेल पर भेज दिया गया है।

## संरचनात्मक सुधारों से छत्तीसगढ़ में निवेशकों का भरोसा बढ़ा, जमीनी क्रियान्वयन तेज़

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ अब सिर्फ निवेश आकर्षित नहीं कर रहा उन्हें तेज़ी से ज़मीन पर भी उतार रहा है। नवंबर 2024 से अब तक राज्य ने 18 क्षेत्रों में 7.83 लाख करोड़ रूपए के 219 निवेश प्रस्ताव हासिल किए हैं। इनमें सेमीकंडक्टर और एआई से लेकर सीमेंट, बिजली और मैन्युफैक्चरिंग तक शामिल हैं। ये परियोजनाएँ राज्य के अन्य जिलों में फैली हैं, जिनसे 1.5 लाख रोजगार सृजित होंगे और यह पूरे राज्य में संतुलित विकास की ओर एक बड़ा संकेत है। नए उद्योगों से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे द्य प्रेस वार्ता में सी एस आई डी सी के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, सचिव उद्योग रजत कुमार, संचालक उद्योग प्रभात मालिक, सी एस आई डी सी के प्रबंध संचालक विश्वेश कुमार मौजूद थे.अब निवेश केवल रायपुर तक सीमित नहीं हैं। प्रश्तवित निवेशों की विशेष बात ये है कि हर 5 में से। निवेश (21 प्रतिशत) आदिवासी बहुल बस्तर संभाग में हैं। 33 प्रतिशत रायपुर संभाग में और 46 प्रतिशत बिलासपुर, दुर्ग और सरगुजा संभागों में। क्षेत्रीय विविधता ने मजबूती दी है। लगभग 50 प्रतिशत निवेश प्राथमिक (थ्रस्ट) क्षेत्रों में हैं जैसे सेमीकंडक्टर और एआई डेटा सेंटर पार्क वहीं सीमेंट और बिजली जैसे पारंपरिक उद्योग भी मजबूत बने हुए हैं। कुल निवेश प्रस्तावों में 57 परियोजनाएँ 1,000 करोड़ रूपए से अधिक की है और 34 परियोजनाएँ 1,000 से ज्यादा रोजगार देने वाली हैं।असल कहानी है तेज़ क्रियान्वयन की। 6.063 करोड़ रूपए की 9 बड़ी परियोजनाएँ चालू हो चुकी हैं, जिनसे उत्पादन शुरू हो गया है और 5,500 से अधिक लोगों को रोजगार मिला है। इसके अलावा 109 परियोजनाएँ यानी लगभग आधी उन्नत चरण में हैं। ये या तो निर्माणाधीन हैं या भूमि आवंटन के बाद आगे बढ़ चुकी हैं। ये 24 जिलों और 16 क्षेत्रों में फैली हैं और जल्द ही 87,132 रोजगार सृजित करेंगी। खास बात यह है कि इनमें से 58 प्रतिशत परियोजनाएँ आतिथ्य एवं स्वास्थ्य, फूड प्रोसेसिंग, आईटी, इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रॉनिक्स, टेक्सटाइल और फार्मा जैसे प्राथमिक क्षेत्रों से जुड़ी हैं। प्रमुख परियोजनाएँ इस रफ्तार को साफ दिखाती हैं। पोलिमेटेक की 10,000 करोड़ रूपए से अधिक की सेमीकंडक्टर फेक्ट्री जो छत्तीसगढ़ की पहली हे को सिर्फ 45 दिनों में भूमि आवंटित हुआ और काम तेज़ी से शुरू हुआ। रेकबैंक का 1,000 करोड़ रूपए का एआई डेटा सेंटर पार्क- देश का पहला-अब लगभग पूरा होने वाला है। ड्रूल्स का 625 करोड़ रूपए का पेट फूड विस्तार प्रोजेक्ट ट्रायल प्रोडक्शन में है और इससे 3,000 रोजगार मिलेंगे। वी-राइज़ का तीसरा भारत कार्यालय एक आईटी यूनिट निर्माणाधीन है। अल्ट्राटेक सीमेंट का 1,600 करोड़ रूपए का निवेश चालू हो चुका है। आदित्य बिड़ला समूह का 67.5 मेगावाट का सोलर प्लांट मई में शुरू हो गया। वहीं बस्तर में रापपुर स्टोन क्लिनिक का 350-बेड अस्पताल लगभग तैयार है, जिससे आदिवासी परिवारों को उन्नत स्वास्थ्य सुविधाएँ मिलेंगी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, 'जो राज्य कभी मुख्य रूप से लोह और इस्पात के लिए जाना जाता था. वह अब सेमीकंडक्टर, एआई डेटा सेंटर पार्क, नवीकरणीय ऊर्जा, फूड प्रोसेसिंग और उन्नत स्वास्थ्य सेवाओं जैसे नए क्षेत्रों का केंद्र बन रहा है। कंपनियाँ सिर्फ निवेश का निर्णय नहीं ले रहीं, बल्कि जल्द से जल्द काम शुरू करना बाहती हैं। हमारी सरकार हर उद्यमी के लिए व्यापार को आसान बनाने और हर चरण में पूरा सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है।'

## कुणाल दुदावत ने कोरबा जिले के 19वें कलेक्टर के रूप में किया पदभार ग्रहण

**कोरबा।** जिले के 19वें कलेक्टर के रूप में 2017 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी कुणाल दुदावत ने आज औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण किया।पदभार ग्रहण के अवसर पर डीएफओ कटघोरा कुमार निशांत, डीएफओ कोरबा प्रेमलता यादव, जिला पंचायत सीईओ दिनेश कुमार नाग, अपर कलेक्टर देवेंद्र पटेल, एसडीएम सहित जिला प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे।नवपदस्थ कलेक्टर कुणाल दुदावत इससे पूर्व छत्तीसगढ़ राज्य के कोंडागांव एवं दंतेवाड़ा जिलों में कलेक्टर के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। वर्ष 2015 में उनका चयन भारतीय पुलिस सेवा के लिए हुआ, साथ ही भारतीय वन सेवा में भी उनका चयन हुआ था। आईपीएस प्रशिक्षण के दौरान ही उन्होंने यूपीएससी का तीसरा प्रयास दिया और 669वीं रैंक के साथ भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयनित हुए। कुणाल दुदावत ने 11 दिसंबर 2017 को आईएएस सेवा जॉइन की। उनकी फील्ड ट्रेनिंग बिलासपुर जिले में सहायक कलेक्टर के रूप में हुई। इसके पश्चात वे बिलासपुर जिले के कोटा अनुविभाग में एसडीएम तथा महासमुंद जिले के सरायपाली अनुविभाग में एसडीएम के रूप में पदस्थ रहे। बाद में उनकी नियुक्ति कोरिया जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पद पर हुई। इसके बाद वे बिलासपुर नगर निगम आयुक्त एवं बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रबंध संचालक के रूप में पदस्थ रहे। बिलासपुर के बाद उनकी पहली कलेक्टर पदस्थापना कोंडागांव जिले में हुई, तत्पश्चात वे दंतेवाड़ा जिले के कलेक्टर के रूप में सेवाएं दे रहे थे।

## राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान कल

**कोरबा ।** विश्व पोलियो उन्मूलन कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो का आयोजन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन के दिशा निर्देशन में सम्पूर्ण प्रदेश में 21 दिसम्बर 2025 से तीन दिवसीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य 0 से 5 वर्ष के सभी बच्चों को एक साथ पोलियो की खुराक पिलाकर पोलियो वायरस से प्रतिरक्षण किया जायेगा। अभियान के पहले दिन 21 दिसम्बर को बूथ स्तर पर 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी तथा अभियान के दूसरे दिन 22 दिसम्बर तथा तीसरे दिन 23 दिसम्बर को छुटे हुए समस्त बच्चों को कार्यकर्ता द्वारा घर घर भ्रमण कर पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी।

जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, ने जानकारी दी कि जिले में कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला प्रशासन के मार्गनिर्देशन में जिले एवं विकासखंड स्तर पर व्यापक प्रचार - प्रसार किया जा रहा है एवं कार्ययोजना तैयार कर ली गई है जिसके अनुसार 0 से 5 वर्ष तक के विकासखंड कोरबा में 19 हजार 558, कटघोरा में 19 हजार 626, करतला में 22 हजार 732, पाली में 25 हजार 409, पोड़ीउपरोड़ा में 29 हजार918 एवं शहरी क्षेत्र में 55 हजार 180 इस प्रकार कुल 01 लाख 72 हजार 423 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाये जाने का लक्ष्य है। लक्ष्य प्राप्ति हेतु जिले में पोलियो की खुराक पिलाने हेतु विकासखंड कोरबा में 351, कटघोरा में 203, करतला में 201, पाली में 234, पोड़ीउपरोड़ा में 267 एवं शहरी क्षेत्र में 322 इस प्रकार कुल 1578 बूथ में 3840 स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानीनों को अधिकृत किया गया हैं। इसके साथ ही पल्स पोलियो की दवा पिलाने जिले में 442 पर्यवेक्षक, 3779 सदस्यों की टीम, 23 मोबाईल टीम एवं सभी मेला बाजार व ईंट भट्टा के लिये 18 सदस्यों की टीम लगाई गई है। जिसमें पर्यवेक्षक सभी बूथों की निगरानी करेंगे।

अभियान के व्यापक क्रियान्वयन हेतु जिला एवं विकास खंड स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये है, जिनके द्वारा अभियान अवधि में सतत मॉनिटरिंग किया जावेगा। पल्स पोलियो तिथि की जानकारी लोगों तक पहुंचाने के लिये बैनर, पोस्टर, स्कूल रैली व माईकिंग माध्यम से जानकारी दी जा रही है। स्वास्थ्य विभाग के साथ महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग व पंचायत विभाग द्वारा विभागीय समन्वय कर अभियान को सफल बनाया जायेगा।

## जिला स्तरीय युवा उत्सव 2025-26 का सफल आयोजन, कोरबा के युवा कलाकारों ने प्रदर्शित की कला एवं संस्कृति की झलक

**कोरबा ।** संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण, छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार राज्य के युवाओं को कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में अधिक से अधिक अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से पूर्व वर्षों की भांति वर्ष 2025-26 में भी खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया गया। यह आयोजन कोरबा जिले में 19 एवं 20 दिसंबर 2025 को प्रातः 10 बजे से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 01, कोरबा में संपन्न हुआ।जिला स्तरीय युवा उत्सव में विभिन्न विधाओं में चयनित विजेता प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय युवा उत्सव, बिलासपुर में दिनांक 23 से 25 दिसंबर 2025 के मध्य सहभागिता हेतु सम्मिलित कराया जाएगा। राज्य स्तर पर चयनित प्रतिभागी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगे।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती संजू देवी राजपूत, महापौर, नगर पालिक निगम कोरबा उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथियों में श्री नूतन सिंह ठाकुर, सभापति, नगर पालिक निगम कोरबा, श्रीमती धनकुमारी गर्ग, एम.आई.सी. सदस्य, नगर पालिक निगम कोरबा एवं श्री सुशील गर्ग शामिल रहे। आयोजन का मंच संचालन श्री सम्मेलाल यादव एवं श्रीमती नीलम शर्मा द्वारा किया गया।जिला स्तरीय युवा उत्सव की विभिन्न विधाओं में विजेता प्रतिभागी इस प्रकार रहेकृलोक नृत्य में थिरमन दास महंत एवं साथी, केरबा; पंथी नृत्य में पोड़ी उपरोड़ा दल; राउत नाचा में पी.जी. कॉलेज कोरबा; सुआ नृत्य एवं करमा नृत्य में घोटमार दल, कोरबा; लोक गीत में खुशी एवं साथी, करतला; वाद-विवाद में ईशा गुप्ता, कोरबा; कहानी लेखन एवं कविता लेखन में ऋचा स्वर्णकार, कोरबा; चित्रकला में कशिश देवांगन, कोरबा; नवाचार में सृष्टि कांत, कोरबा; एकांकी में लालिमा साहू एवं साथी, कोरबा तथा पारंपरिक वेशभूषा में ऋचा स्वर्णकार, कोरबा ने विजेता का पद प्राप्त किया।राज्य स्तरीय युवा उत्सव हेतु समस्त विधाओं में कुल 80 प्रतिभागियों का चयन किया गया है। सभी विजेता प्रतिभागियों को खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा नगद पुरस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में खेल अधिकारी द्वारा समस्त अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।



## कोरबा जिले में एक अतिरिक्त सखी वन स्टॉप सेन्टर की स्वीकृति

### सखी वन स्टॉप सेन्टर संचालन हेतु ऑनलाईन आवेदन 31 दिसंबर तक आमंत्रित

**कोरबा ।** जिला कोरबा के कटघोरा में एक अतिरिक्त सखी वन स्टॉप सेन्टर संचालन की स्वीकृति शासन द्वारा प्रदान की गई है। सखी वन स्टॉप के संचालन हेतु पात्र आवेदको से 31 दिसंबर.2025 तक विभाग की वेबसाईट पर ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया है। निर्धारित तिथि पश्चात् आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा। इस संबंध में अधिक जानकारी हेतु कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग कोरबा से संपर्क किया जा सकता है।

# नान के जिला प्रबंधक व क्वालिटी कंट्रोलर पर वसूली का आरोप

**जांजगीर-चांपा।** अमानक चावल को मानक घोषित करने के लिए अवैध वसूली एवं भ्रष्टाचार किए जाने का गंभीर आरोप लगाते हुए देवरी निवासी सामाजिक कार्यकर्ता राहुल सिंह ने नान (नागरिक आपूर्ति निगम) के जिला प्रबंधक एवं क्वालिटी कंट्रोलर के विरुद्ध कलेक्टर जांजगीर-चांपा से लिखित शिकायत कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

शिकायत पत्र में राहुल सिंह ने उल्लेख किया है कि जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के अंतर्गत शासकीय गोदामों एवं उचित मूल्य दुकानों में हाल ही में घटिया, अमानक, पुराना तथा पाउडर मिश्रित चावल की आपूर्ति की गई है। यह चावल न तो

निर्धारित गुणवत्ता मानकों पर खरा उतरता है और न ही खाद्य सुरक्षा अधिनियम एवं नियंत्रण आदेशों के अनुरूप है। अमानक चावल का वितरण होने से हितग्राहियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका जताई गई हैं। राहुल सिंह ने आरोप लगाया कि प्रारंभिक जांच में यह गंभीर तथ्य सामने आया है कि जिले में पदस्थ तकनीकी सहायक हरदीप सिंह भाटिया द्वारा राइस मिल संचालकों से प्रति लॉट लगभग सात हजार रुपये की अवैध वसूली की जा रही है। उन्होंने बताया कि तकनीकी सहायक द्वारा मिलरों को संकेत दिया जाता है कि यदि वे अमानक चावल भी जमा करना चाहते हैं, तो प्रति लॉट तय राशि का भुगतान करना अनिवार्य होगा। भुगतान के बाद बिना किसी लैब टेस्ट, रासायनिक विश्लेषण एवं गुणवत्ता जांच रिपोर्ट के अमानक चावल को मानक घोषित कर दिया जाता है और शासकीय अभिलेखों में उसे उत्तीर्ण दर्शा दिया जाता है।

शिकायतकर्ता ने कहा कि तकनीकी सहायक का मूल कार्य गुणवत्ता परीक्षण एवं निष्पक्ष रिपोर्टिंग है, लेकिन यदि वही अधिकारी धन लेकर अमानक चावल

को मानक घोषित कर रहा है, तो यह भ्रष्टाचार और सेवा शर्तों का गंभीर उल्लंघन हैं। इससे यह भी आशंका जताई गई है कि विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी भी इस प्रक्रिया से अवगत या इसमें सम्मिलित हो सकते हैं, जिनकी भूमिका की निष्पक्ष जांच आवश्यक है। राहुल सिंह ने कलेक्टर से मांग की है कि तकनीकी सहायक हरदीप सिंह भाटिया के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 के तहत तत्काल कार्रवाई की जाए। साथ ही पूरे वि प्रकरण की स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं स उच्चस्तरीय जांच समिति गठित उ कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई ग की जाए।

## भाजयुमो प्रदेश कार्य समिति के सदस्य बने पलाश चंदेल



जांजगीर चांपा: प्रदेश भाजपा द्वारा भारतीय जनता युवा मोर्चा छ.ग. प्रदेश की नवीन कार्यकारणी की सूची घोषित की गई है, जिसमें शीर्ष नेतृत्व द्वारा भाजयुमो के पूर्व जिला उपाध्यक्ष पलाश चंदेल को पलाश चंदेल भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य बनाया गया है। जिसके लिए उन्होंने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा सहित संगठन के शीर्ष नेतृत्व के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए अभार व्यक्त किया है। प्रलाश चंदेल के भाजयुमो प्रदेश कार्य समिति सदस्य बनने पर क्षेत्र व अंचल के कार्यकर्ता ने हर्ष व्यक्त किया है।

# तेज रफ्तार बाइक पेड़ से टकराई 23 वर्षीय युवक की हुई मौत

**जांजगीर-चांपा ।** तेज रफ्तार बाइक पेड़ से जा टकराई। इससे युवक की घटना स्थल पर मौत हो गई। सुबह घूमने पर निकले व्यक्ति ने युवक को खून से लथपथ देखा। आसपास को सूचना देने के बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में जुटी हुई है।

शिवरीनारायण थाना के गांव कुरियारी निवासी विशाल कोसरियां (23) 18 दिसंबर को गिरौदपुरी मेला देखने गया हुआ था। मेला देखने के बाद वह अपने मामा को छोड़ने मामा गांव पचरी गया था। मामा को सुरक्षित छोड़ने के बाद वह अपने गांव कुरियारी लौट रहा था। इसी दौरान गांव से कुछ ही दूरी पर सुबह लगभग 7.30 बजे उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराई। हादसा इतना था कि विशाल के सिर और राशीय गमीर चोट आई इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी तब सामने आई जब सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले एक व्यक्ति ने सड़क किनारे क्षतिग्रस्त बाइक और युवक को को देखा। उसने तत्काल ग्रामीणों और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम लिए भेजा। प्रारंभिक जांच में वाहन के अनियंत्रित होने से दुर्घटना होना बताया जा रहा है, हालांकि पुलिस केमामले की विस्तृत जांच कर रही है। युवक की असमय मौत से गांव सहित आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता प्रदान करने की मांग की कुरियारी गांव में दर्दनाक सड़क हादसे में 23 वर्षीय युवक की मौत हो गई। युवक सिर में हेलमेट नहीं पहना था। हादसे में सबसे ज्यादा चोट सिर पर ही आई है, अगर युवक हेलमेट पहना होता हो शायद आज उसकी जान नहीं जाती। हेलमेट से बहुत हद तक चोट कम आती है, इसलिए लोगों को चाहिए दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य पहने।

# रायपुर से प्रशिक्षण लेकर लौटे शिक्षक अनिल बाथरूम में गिरे, संदिग्ध मौत

**डभरा।** डभरा थाना क्षेत्र के ग्राम ठनगन के शिक्षक अनिल भार्गव की अचानक मौत हो गई। वह ग्राम चारपारा थाना मालखरौदा का रहने वाला था। बताया जा रहा है कि शिक्षक 18 दिसंबर की रात्रि में खाना खाकर सो गया था। जब सुबह घर वालों ने उठाया तो बिस्तर से नहीं उठ पाया। इसकी सूचना उसके भाई सतीशचंद भार्गव पिता स्व. राधेलाल भार्गव 50 निवासी चारपारा थाना मालखरौदा ने 19 दिसंबर दिन शुक्रवार को थाने में दी। डभरा पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है। पुलिस घटना स्थल की जांच कर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के सामुदायिक स्वास्थ्य डभरा भेजा है। जहां डॉक्टरों द्वारा पोस्टमार्टम किया गया। शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। वहीं शिक्षक की मौत किस कारण हुई है इसका पता चल नहीं पाया है। घटना स्थल की जांच फोरेंसिक टीम द्वारा की गई है। डभरा पुलिस का कहना है कि फोरेंसिक टीम की जांच एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कुछ पता चल पाएगा कि किस कारण अचानक शिक्षक की मौत हुई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। पीएम रिपोर्ट के मौत का कारण स्पष्ट होगा।

# बीमा कंपनी को आयोग ने 19.92 लाख भुगतान का दिया आदेश

**जांजगीर-चांपा।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग जांजगीर-चांपा ने एक महत्वपूर्ण निर्णय देते हुए बीमा अवधि के दौरान मृत्यु होने पर बीमा राशि देने से इनकार करने वाली बीमा कंपनी को दोषी ठहराया है। आयोग ने टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस कंपनी को उपभोक्ता को शेष बीमा राशि 19,92,510 रुपये, मुकदमे का खर्च 5 हजार रुपये तथा मानसिक क्षतिपूर्ति के रूप में 20 हजार रुपये अदा करने का आदेश दिया है।

पिता सम्मेलाल, निवासी वार्ड क्रमांक 6 नया बाराद्वार, जिला सक्ती की पत्नी रंम्बीका यादव ने अपने जीवनकाल में टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस कंपनी से * 卐संपूर्ण रक्षक卐 बीमा पॉलिसी ली थी। यह पॉलिसी 23 अगस्त 2022 से 23 अगस्त 2023 तक वैध थी, जिसमें अनिल कुमार यादव नामिनी थे। बीमाधारक द्वारा 8,838 रुपये का प्रीमियम जमा किया गया था।

बीमाधारक रम्बीका यादव की 27 जनवरी 2023 को सीने में दर्द के कारण मृत्यु हो गई। इसके बाद नामिनी द्वारा बीमा दावा प्रस्तुत किया गया, लेकिन बीमा कंपनी ने 5 अगस्त 2024 को यह कहते हुए दावा निरस्त कर दिया कि बीमाधारक ने अपने चिकित्सा इतिहास को छिपाया था तथा बीमा लेने से पूर्व गर्भाशय संबंधी बीमारी से पीड़ित थी। कंपनी ने केवल 7,490 रुपये प्रीमियम राशि वापस कर शेष बीमा सशि देने से इंकार कर दिया।

बीमा कंपनी के इस निर्णय से आहत होकर शिकायतकर्ता ने जिला -उपभोक्ता आयोग जांजगीर-चांपा में परिवाद प्रस्तुत किया। आयोग के अध्यक्ष प्रशांत कुंडू, सदस्य विशाल तिवारी एवं सदस्य महिमा सिंह ने दोनों पक्षों द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र, दस्तावेजों एवं तर्कों का गहन परीक्षण किया। आयोग ने पाया कि बीमाधारक ने बीमा लेते समय कोई गलत जानकारी नहीं दी थी और वह पूर्व में किसी बीमारी से ग्रसित नहीं थी।

आयोग ने यह निष्कर्ष निकाला कि बीमा कंपनी द्वारा बिना उचित कारण के बीमा राशि देने से इंकार करना सेवा में कमी एवं अनुचित व्यापारिक व्यवहार की श्रेणी में आता है। अत: आयोग ने बीमा कंपनी को वापस की गई प्रीमियम राशि 7,490 रुपये घटाकर शेष 19,92,510 रुपये, 5 हजार रुपये मुकदमा खर्च एवं 20 हजार रुपये मानसिक क्षतिपूर्ति 45 दिनों के भीतर अदा करने का आदेश दिया है। निर्धारित अवधि में भुगतान नहीं होने पर आदेश दिनांक से भुगतान की तिथि तक 7 प्रतिशत वार्षिक ब्याज भी देय होगा।

# नेशनल हेराल्ड में राहत पर जतायी खुशी






**जांजगीर चांपा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के आह्वान पर, नेशनल हेराल्ड मामले में पूर्व राष्ट्रीय श्रीमती सोनिया गांधी एवं नेता विपक्ष राहुल गांधी को न्यायालय नई दिल्ली द्वारा क्लीन चिट दिए जाने के उपरांत आज जिला कांग्रेस कमेटी एवं जिला युवा कांग्रेस जांजगीर चांपा के संयुक्त तत्वाधान में खोखसा फाटक स्थित भारतीय जनता पार्टी के जांजगीर कार्यालय का घेराव किया गया ।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने कहा कि यह घेराव भाजपा द्वारा 11 वर्षों से कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व के विरुद्ध की जा रही दुर्भावनापूर्ण, राजनीतिक प्रतिशोध से प्रेरित कार्रवाई की जा रही है। जिस मामले में कोर्ट द्वारा कांग्रेस नेताओं के सत्य और न्याय की विजय के समर्थन में फैसला किया गया है ।जांजगीर चांपा के विधायक व्यास कश्यप ने कहा कि माननीय न्यायालय के फैसले ने स्पष्ट कर दिया है कि कांग्रेस नेतृत्व पर आरोप पूरी तरह निराधार थे। कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र, संविधान और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए सदैव मजबूती से खड़ी रही है और आगे भी हर साजिश के खिलाफ आवाज़ बुलंद करती रहेगी ।पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मंजू सिंह ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व पर फर्जी आरोप लगाकर बदनाम करने के जो साजिश रची जा रही थी, उसे उच्च न्यायालय के आदेश ने सिद्ध कर दिया है कि आरोप पूरी तरह से गलत और निराधार थे ।कार्यक्रम का संचालन रफीक सिद्दीकी व शिशिर द्विवेदी ने किया । कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व काय.ʼअध्यक्ष रमेश पैगवार, प्रदेश सचिव टिंकू मेमन, गिरधारी यादव, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष पंकज शुक्ला, सेवादल जिलाध्यक्ष देव पाण्डेय, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा शर्मा, पिछड़ा वर्ग विभाग जिलाध्यक्ष लोकेश राठौर, ब्लॉक अध्यक्षगण सुनील साधवानी, चिंताराम राठौर, गोविंदराम कश्यप, पूर्व नपा अध्यक्ष भगवान दास गढ़ेवाल, नागेंद्र गुप्ता, मो अली, सौरभ सिंह, आभास बोस, रामबिलास राठौर, कन्हैया राठौर, अमरजीत सलूजा, दिनेश महंत, परमेश्वर निर्मले, प्रमोद पांडे, विष्णु यादव, गौरव सिंह, हर्षवर्धन सिंह, संस्कार राठौर, जगदीश्वर सूर्यवंशी, महेंद्र कश्यप, राज अग्रवाल, शर्मिष्ठा कंसारी, अंजलि देवांगन, अनीता प्रकाश, राजू शर्मा, रवि शेखर, अशोक सोनवानी, सदन यादव, गोविंद केशरवानी, संतोष कुमार, धनपति करियरे, बसंत सिंह, रामरतन भैना, शेषनाथ टंडन, महेश खरे, अशोक यादव, लच्छी लादेर, दुर्गा कुर्रे, तमिंद्र देवांगन, पुरुषोत्तम देवांगन, गिरधर देवांगन, जिब्बू आर्य, अब्बास खान, परदेशी केवंट, राजकुमार सरोज, शुभम बरेठ, पुनीराम देवांगन, विष्णु, बहादुर यादव, आकाश तिवारी, आकाश सिंह, प्रतीक सिंह, शुभंकर सिंह, गगन गुरुद्वान, अंशु रजक, सौरभ सिंह, सागर पटेल, जय सेवायक, विनोद चक्रवर्ती, खगेंद्र कश्यप, सहित कांग्रेसजन उपस्थित रहे।



## ग्राफ्टेड बैगन ने बदली किसान की किस्मत

**जांजगीर-चांपा।** विकासखण्ड पामगढ़ के ग्राम बिलारी के कृषक संजय कुमार सिंह, पिता जगदीश सिंह ने परंपरागत धान की खेती से हटकर उद्यानिकी फसल ग्राफ्टेड बैगन को अपनाकर उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत विभागीय तकनीकी मार्गदर्शन एवं सहयोग से उन्होंने वर्ष 2020-21 में ग्राफ्टेड बैगन की खेती की शुरुआत की थी, जिसके लिए उन्हें 3000 रूपए का अनुदान भी प्राप्त हुआ। वैज्ञानिक पद्धति से की गई खेती के परिणामस्वरूप उनकी आय में निरंतर वृद्धि दर्ज की गई है।

वर्ष 2024-25 में संजय कुमार सिंह द्वारा मात्र 01 एकड़ क्षेत्र में ग्राफ्टेड बैगन की खेती से लगभग 250 क्विंटल उत्पादन प्राप्त किया गया, जिससे 3,75,000 रूपए की आय हुई। सभी प्रकार की लागत घटाने के पश्चात उन्हें लगभग 2,95,000 की शुद्ध आय प्राप्त हुई, जो परंपरागत धान की खेती की तुलना में कई गुना अधिक है। धान की खेती में जहां उन्हें लगभग 21 क्विंटल उत्पादन एवं 25,600 रूपए की सीमित बचत होती थी, वहीं ग्राफ्टेड बैगन की खेती से उन्हें अधिक उत्पादन, बेहतर बाजार मूल्य एवं स्थायी लाभ प्राप्त हो रहा है।

कृषक संजय कुमार सिंह की इस सफलता से प्रभावित होकर क्षेत्र के अन्य कृषक भी उद्यानिकी फसलों की ओर अग्रसर हो रहे हैं। विभागीय मार्गदर्शन, उन्नत पौध सामग्री एवं वैज्ञानिक खेती पद्धति के माध्यम से क्षेत्र में कृषि विविधीकरण को बढ़ावा मिल रहा है। वर्तमान में वर्ष 2025-26 में भी श्री संजय कुमार सिंह द्वारा 01 एकड़ क्षेत्र में ग्राफ्टेड बैगन की फसल ली जा रही है, जिससे भविष्य में उनकी आय में और अधिक वृद्धि होगी।

# 21 दिसम्बर को राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान जिले के कुल 153941 बच्चों को पिलाया जाएगा पोलियो ड्रॉप्स


**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे के निर्देशन में जिले में राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान के तहत 21 दिसम्बर 2025 से तीन दिवसीय अभियान में 0 से 05 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाया जायेगा। इसके तहत शहरी क्षेत्रों में 28873 बच्चे एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 125041 बच्चे कुल 153941 को पोलियो ड्राप्स पिलाकर लाभान्वित किया जाना है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यू.के.मरकाम ने बताया कि इसके लिए जिले में 922 बूथ, ट्रांजिट दल 21, मोबाइल दल 10 जिसमें विकासखण्ड नवागढ़ के 255 बूथ, अकलतरा 154, बलौदा 175, पामगढ़ 170, बम्हनीडीह 167 बूथ बनाये गये है। ट्रांजिट टीम बस स्टैन्ड एवं रेल्वे स्टेशनों पर कार्यरत रहेंगे तथा मोबाइल टीमों द्वारा क्षेत्रों में भ्रमण कर बाहर के बस्ती क्षेत्र, मजदूरी करने वालों की अलग बसाहट ईटा भट्ठा, गिटटी खदानों, नदी किनारे के अलग से बसाहट, ग्रामों के दूरस्थ स्थान, घुमन्तू जनसंख्या का बसाहट आदि स्थानों पर रहने वालो के बच्चों को खोजकर पोलियो दवा पिलाई जावेगी।

कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु राजस्व, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, पंचायत एवं समाज कल्याण विभाग सहित मितानिनों, कोटवार, निजी चिकित्सालय, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा जनप्रतिनिधियों की सहभागिता लिया जाएगा। अभियान की प्रभावी मॉनिटरिंग हेतु 192 पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है, वहीं राज्य, जिला, विकासखण्ड एवं सेक्टर स्तर के अधिकारियों द्वारा पल्स पोलियो अभियान की सतत निगरानी की जाएगी। कलेक्टर श्री महोबे ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि 0 से 05 साल तक के सभी बच्चों को 21 दिसंबर 2025 को पल्स पोलियो बूथ पर लाकर पोलियो वैक्सीन की दो बूंद की खुराक अवश्य पिलायें।

## संगीता पाण्डेय भाजपा महिला मोर्चा छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्य समिति सदस्य नियुक्त

**जांजगीर चांपा ।** भाजपा महिला मोर्चा की केंद्रीय टीम ने चांपा निवास करने वाली श्रीमति संगीता-सुरेश पाण्डेय को भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य के रूप में नियुक्ति दी हैं। जिसके कारण जांजगीर-चांपा जिला सहित चांपा नगर के भाजपा महिला कार्यकर्ताओं में उत्साह और उमंग का संचार हुआ है। उर्जावान महिला श्रीमति पाण्डेय पर तीसरी बार महिला मोर्चा ने विश्वास व्यक्तकरते हुए उन्हें जिम्मेदारी सौंपी हैं। प्रिंट मीडिया से जुड़े हुए शशिभूषण सोनी ने कहा है कि भाजपा महिला ने मोर्चा छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यसमिति सदस्य के रूप में श्रीमति संगीता पाण्डेय की नियुक्ति महिला शक्ति के सम्मान का प्रतीक हैं। उनकी कुशल नेतृत्व संगठन क्षमता, विभिन्न संगठनों न संगठनों से जुड़कर कार्य करने का अनुभव और उत्कृष्ट संगठनात्मक क्षमता से भाजपा महिला मोर्चा को नई ऊर्जा मिलेगी। हमें श्रीमति पाण्डेय जी की इस उपलब्धि पर उन्हें दिल से बधाई देते हैं और उनकी उज्जवल भविष्य कीकामना करते हैं। स्वदेश ज्योति परिवार की ओर से बधाई और शुभकामना स्वदेश ज्योति परिवार एवं ब्यूरो चीफ पवन अग्रवाल ने श्रीमति संगीता पाण्डेय को हार्दिक बधाई और शुभकामना प्रेषित की है।



# सर्व-सुविधायुक्त, पारदर्शी और किसान-हितैषी धान खरीदी जारी



**जांजगीर-चांपा।** जिले में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में धान खरीदी व्यवस्था किसानों के लिए राहत और भरोसे का माध्यम बन रही है। राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई 24म7 तुंहर टोकन ऐप सुविधा से किसान अब अपनी सुविधा के अनुसार दिन-रात किसी भी समय टोकन प्राप्त कर रहे हैं, जिससे भीड़, समय की बाध्यता और अनावश्यक परेशानियाँ समाप्त हो गई हैं।

इसी कड़ी में जिले के पेंड्री धान खरीदी केंद्र में ग्राम पेंड्री निवासी किसान श्री प्रेमलाल कश्यप ने 74.40 क्विंटल धान का सफलतापूर्वक विक्रय किया। किसान श्री कश्यप ने बताया कि टोकन ऐप के माध्यम से उन्हें समय पर टोकन मिला, केंद्र में पहुंचते ही तौल, पर्ची और अन्य प्रक्रियाएँ सहज और व्यवस्थित रहीं। केंद्र पर पेयजल, छाया, बैठने की व्यवस्था और त्वरित सेवा जैसी सुविधाओं ने उनके अनुभव को और बेहतर बनाया। उन्होंने कहा कि शासन की सहयोगी नीतियों और सुचारु खरीदी व्यवस्था ने किसानों का आत्मविश्वास बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में चल रही सर्व-सुविधायुक्त, पारदर्शी और किसान-हितैषी धान खरीदी व्यवस्था जांजगीर-चांपा जिले में सुशासन का सशक्त उदाहरण बन रही है। किसानों के चेहरे पर संतोष और उत्साह इस बात का प्रमाण हैं कि सरकार की नीतियाँ ज़मीन पर असर दिखा रही हैं।

## छत्तीसगढ़ सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर पुलिस लाइन में राज्य स्तरीय कार्यक्रम एवं विशाल आमसभा

जांजगीर-चांपा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जनादेश परब के तहत 22 दिसम्बर को पुलिस लाइन खोखरा, जांजगीर में राज्य स्तरीय कार्यक्रम एवं विशाल आमसभा का आयोजन होगा। कार्यक्रम में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह सहित राज्य मंत्रिमंडल के सदस्य शामिल होंगे।

कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा विकास कार्यों पर आधारित आकर्षक स्टॉल लगाए जाएंगे, जहाँ आमजन को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को लाभ भी प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध लोक कलाकार पद्मश्री अनुज शर्मा द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जाएगी। राज्यस्तरीय आयोजन की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। कलेक्टर जन्मेजय महोबे एवं पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय सहित जिला स्तरीय अधिकारी लगातार व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग कर रहे हैं, ताकि कार्यक्रम का आयोजन सुव्यवस्थित, सुरक्षित और सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।



**चांपा।** जिले में पिछले चार-पांच दिनों से सुबह के समय कोहरे का असर है। इसके चलते दृश्यता कम हो गई है।

# अध्यक्ष पद के लिए 4 तो सचिव के लिए 3 उम्मीदवार मैदान में

**जांजगीर।** जिला अधिवक्ता संघ के आगामी चुनाव 2025 के लिए नामांकन प्रक्रिया शुक्रवार को समाप्त हो गई। अध्यक्ष पद के लिए इस बार कुल चार दावेदारों ने अपनी दावेदारी पेश की है, जबकि सचिव पद के लिए तीन उम्मीदवार मैदान में हैं।

इसके अलावा उपाध्यक्ष, सहसचिव, कोषाध्यक्ष, ग्रंथालय सचिव और सांस्कृतिक व क्रीड़ा सचिव पदों के लिए भी प्रत्याशियों के नाम सामने आए हैं। 22दिसंबर तक प्रत्याशी नाम वापस ले सकते हैं। इसमें शनिवार और रविवार दो दिन छुट्?टी रहेगी। ऐसे में नाम वापसी सोमवार को ही हो सकेगी। अध्यक्ष पद के लिए वर्तमान अध्यक्ष नरेश शर्मा का मुकाबला इस बार राजेश कुमार पांडेय, रामगोपाल चौरसिया और बृज मोहन सिंह दीक्षित से होगा।


**न्यायालय नायब तहसीलदार पटना जिला कोरिया (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

रा.प्र.क्र. ......................

ग्राम महोरा

एतद् सर्वसाधारण **ग्राम महोरा** तहसील पटना जिला कोरिया को सूचित किया जाता है कि विषयान्तर्गत लेख है कि आवेदक **संतोष कुमार तिवारी आ. इन्द्र प्रसाद तिवारी** जाति ब्राहम्ण, निवासी ग्राम महोरा, थाना व तहसील पटना जिला कोरिया छ.ग. के द्वारा आवेदन पेश किया गया। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिये ई.डब्ल्यू.एस. प्रमाण पत्र जारी करने हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप में अपने पुत्र के लिये प्राप्त कराना चाहता है। आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, अंक सूची की छायाप्रति संलग्न किया गया है।

अतएव उपरोक्त उल्लेखित भूमि के संबंध में किसी को भी कोई आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 26.12.25 को प्रातः 11.00 बजे आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 15.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

(सील) **नायब तहसीलदार पटना, जिला कोरिया**



**कार्यालय वनमण्डलाधिकारी (सा.) मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल, मनेंद्रगढ (छ.ग.)**

**नीलाम विज्ञापन**

सामान्य सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल के अधीनस्थ काष्ठागार जनकपुर में उपलब्ध नये, पुराना ईमारती काष्ठ एवं नये, पुराना जलाऊ काष्ठ का दर्शित तिथि व समय में ई-ऑक्सन द्वारा निवर्तन किया जाना है, इच्छुक व्यापारी ई-ऑक्सन में अवश्य भाग लेवे। ई-ऑक्सन की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय अथवा काष्ठागार जनकपुर से प्राप्त कर सकते हैं।

डिपो का नाम - काष्ठागार जनकपुर
नीलाम दिनांक - 30.12.2025
नीलाम समय - प्रातः 09:00 बजे से प्रारम्भ

| क्र. | प्रजाति | नये अविक्रित काष्ठ | | पुराने अविक्रित काष्ठ | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लट्ठा | बल्ली | लट्ठा | | बल्ली | |
| | | नग | घ.मी. | नग | घ.मी. | नग | घ.मी. |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | सागौन | 0 | 0 | 366 | 27.585 | 3693 | 41.491 |
| 2 | साल | 16.000 | 5 | 11850 | 1241.153 | 2007 | 51.484 |
| 3 | साजा | 2.000 | 0 | 217 | 25.333 | 54 | 1.308 |
| 4 | हल्दू, मुण्डी, बांसा | 0 | 0 | 13 | 1.016 | 0 | 0.000 |
| 5 | धावड़ा | 2.000 | 0 | 18 | 2.049 | 0 | 0.000 |
| 6 | सतकठा | 0 | 0 | 36 | 5.208 | 2 | 0.089 |
| | योग:- | 20 | 5 | 12500 | 1302.344 | 5756 | 94.372 |
| 7 | मिश्रित जलाऊ | 50 चट्टा नया | | 150 चट्टा पुराना | | | |
| योग :- | | 50 चट्टा नया | | 150 चट्टा पुराना | | | |

टीप :- 1. क्रेता को ई-ऑक्सन के पूर्व MSTC E-commerce पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।
2. क्रेताओं को ई-ऑक्सन के पूर्व क्रय लॉटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है, सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर 15 प्रतिशत E.M.D. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
3. लॉट की थप्पी एवं फोटो MSTC E-commerce पोर्टल में अपनी आई.डी. से लॉगईन करके देख सकते है।

जी-252605597/7

**वनमण्डलाधिकारी**
**मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल, मनेन्द्रगढ़**

## अनमोल वचन......

**अगर आप सभी नियमों का पालन करेंगे तो आप सारा मज़ा खो देंगे।**

# बढ़ रही बेरोजगारी

खबरों के मुताबिक सरकार इस आकलन पर है कि पूंजी केंद्रित उद्योग पर्याप्त रोजगार पैदा नहीं कर रहे, जिससे बेरोजगारी बढ़ रही है। इसलिए अब श्रम केंद्रित कारोबार में निवेश बढ़ाने की जरूरत है। मगर मुद्दा है कि यह निवेश कौन करेगा। खबरों के मुताबिक श्रम केंद्रित कारोबार को खड़ा करना अब केंद्र की प्राथमिकता है। इसके लिए अगले बजट में खास प्रावधान किए जाएंगे। इस सोच के पीछे यह आकलन है कि पूंजी केंद्रित उद्योग पर्याप्त रोजगार पैदा नहीं कर रहे हैं, जिससे बेरोजगारी की समस्या गंभीर होती जा रही है। इसलिए अब श्रम केंद्रित कारोबार में निवेश बढ़ाने की जरूरत है। मगर मुद्दा है कि यह निवेश कौन करेगा। क्या औपचारिक क्षेत्र को श्रम केंद्रित उद्योग लगाने के लिए प्रेरित किया जा सकता है। जब औपचारिक क्षेत्र में भी निजी निवेश की स्थिति कमजोर बनी हुई है, तो वित्तीय कारोबार में अधिक मुनाफा देखने वाले पूंजीपतियों को प्राथमिकता बदलने के लिए कैसे राजी किया जा सकेगा। तो निगाहें सूक्ष्म, लघु और मझौले दर्जे के ये उद्योगों (एमएसएमई) पर टिकती है।

ये उद्योग श्रम केंद्रित उत्पादन करते हैं। अनुमानतः देश में इनकी संख्या सवा सात करोड़ से ज्यादा है। मगर बजट में इनके लिए क्या किया जा सकता है। अधिक से अधिक सस्ते दर पर कर्ज उपलब्ध कराने की घोषणा हो सकती है। या टैक्स संबंधी रियायतें दी जा सकती हैं। इसके बावजूद बाजार मिलने का सवाल बना रह जाएगा। उत्पाद के लिए बाजार मौजूद नहीं हो, तो कोई कारोबारी ऋण लेकर निवेश के लिए प्रेरित नहीं होता। और इस क्षेत्र को बाजार तक तब नहीं मिल सकता, जब तक उसे चीन के सस्ते सामानों से संरक्षण नहीं मिलता। श्रम केंद्रित इस सेक्टर की बदहाली में यह एक बड़ा पहलू रहा है, हालांकि नोटबंदी और उलझाऊ जीएसटी ने भी उसके लिए कम समस्याएं खड़ी नहीं कीं। खबरों के मुताबिक सरकार शिक्षा एवं स्वास्थ्य में निवेश बढ़ा कर रोजगार उन्मुख रास्ते पर आगे बढ़ेगी। मगर क्या सचमुच मौजूदा सरकार में इन क्षेत्रों को मुनाफा केंद्रित कारोबारियों से वापस सार्वजनिक क्षेत्र में लाने की इच्छाशक्ति है। अगर हां, तो उसे इस संबंध में व्यापाक नीति परिवर्तन का एलान करना चाहिए। बजट ऐसा करने का जरिया नहीं है। वह अर्थव्यवस्था की दिशा बदलने का माध्यम नहीं है। हां, बजट को निराधार नैरेटिव गढ़ने का मौका जरूर बनाया जा सकता है, जिसमें वर्तमान सरकार को महारत हासिल है।

## राशिफल

**मेष राशिः** मेष राशि वालों के लिए आज का दिन बहुत अच्छा रहने वाला है। किसी शुभ समाचार के मिलने का योग नजर आ रहा है। आज पारिवारिक रिश्तों के बीच सामंजस्य बनाने में आप सफल रहेंगे। आज मनोरंजन में पैसे खर्च हो सकते हैं, इससे आपको आनंद की प्राप्ति होगी।

**वृष राशिः** वृष राशि वालों के लिए आज का दिन सामाजिक कार्यों में लगा रहेगा। सामाजिक सुधार के कारण आपके पड़ोसी आपकी तारीफ कर सकते हैं और साथ ही आपका पूरा साथ देंगे। घर में लक्ष्मी के रूप में नए मेहमान के आने की खुशी में घर का माहौल खुशनुमा रहेगा।

**मिथुन राशिः** मिथुन राशि वालों के लिए आज का दिन धार्मिक कार्यों में रुचि रहेगी। धर्म के सिलसिले में किसी पंडाल में भी जा सकते हैं। कला के क्षेत्र में रुझान वालों के लिए आज का दिन रोमांचक रहने वाला है। व्यवसाय के सिलसिले में आज आपको अच्छे ऑफर आ सकते हैं।

**कर्क राशिः** कर्क राशि वालों के लिए आज का दिन बेहतरीन होगा। पारिवारिक सामंजस्य बना रहेगा। आज आपका भाग्य आपका पूरा साथ देगा। आज आप अपने बचपन के दोस्त के साथ किसी लंबे टूर पर जा सकते हो। सरकारी ऑफिस में काम करने वालों का प्रमोशन हो सकता है।

**कर्क राशिः**कर्क राशि वालों के लिए आज का दिन बेहतरीन होगा। पारिवारिक सामंजस्य बना रहेगा। आज आपका भाग्य आपका पूरा साथ देगा। आज आप अपने बचपन के दोस्त के साथ किसी लंबे टूर पर जा सकते हो। सरकारी ऑफिस में काम करने वालों का प्रमोशन हो सकता है।

**कन्या राशिः** आज का दिन किस्मत आपका पूरा साथ देगी। आपके सारे काम आसानी से हो जाएंगे। संगीत में रुझान वालों के लिए आज के दिन किसी बड़े शो में गाने का ऑफर आ सकता है। आज आप अपने स्कूल के दोस्तों के साथ कहीं बाहर जाने का प्लान बना सकते हैं।

**तुला राशिः** तुला राशि वालों के लिए आज का दिन लॉ के स्टूडेंट्स के लिए बहुत ही अच्छा रहने वाला है। कॉलेज से मिले प्रोजेक्ट को आज सीनियर्स की मदद से पूरा करने से आपके अच्छे मार्क्स प्राप्त हो सकते हैं। आज पेरेंट्स को अपने बच्चों के खान पान पर ध्यान दें।

**वृश्चिक राशिः** वृश्चिक राशि वालों के लिए आज का दिन लवमेट वालों के लिए खुशनुमा रहने वाला है। ऑफिस के किसी काम में आ रही बाधाएं आज खत्म हो जाएंगी। विवाहित आज जीवनसाथी से ऐसा वादा न करें जो वे पूरा न कर सकें। इससे आप दोनों के रिश्ते में खटास आ सकती है।

**धनु राशिः** धनु राशि वालों आज आपकी नए कार्यों में रुचि बढ़ेगी जिससे आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। आज आप फिजूल के खर्च को कम करेंगे, तो आपके भविष्य के लिए पैसे इकट्ठा करने में आसानी होगी। आज आर्थिक पक्ष पहले से अधिक मजबूत रहेगा।

**मकर राशिः** मकर राशि वालों के लिए आज का दिन पूरा समय परिवार वालों के साथ बितेगा। परिवार वालों के साथ रात को बाहर डिनर पर भी जा सकते हैं। आज आपके मन में नए नए विचार आ सकते हैं, जिससे आपको आपके बिजनेस में काफी फायदा होने वाला है।

**कुम्भ राशिः** कुम्भ राशि वालों आज का दिन आपके लिए अच्छे परिणाम लेकर आएगा। अगर आप नयी जमीन लेने की सोच रहे हैं तो आज खरीद सकते हैं। इससे आपको भविष्य में फायदा जरूर होगा। उसका अच्छा परिणाम आपको जरूर मिलेगा। आज स्टूडेंट के लिए दिन अच्छा है।

**मीन राशिः** मीन राशि वालों के लिए आज का दिन खुशनुमा बना रहेगा। आज किसी नये व्यवसाय में पैसा लगाने से आपको दोगुना धनलाभ हो सकता है। आज आपके सकारात्मक विचारों से खुश होकर बॉस आपको उपहार स्वरूप उपयोगी वस्तु आज गिफ्ट कर सकते हैं।

# भारत के टेक्सटाइल की नई ग्लोबल पोज़िशनिंग

//गिरिराज सिंह//

**जब हम भारत के टेक्सटाइल सेक्टर की बात करते हैं, तो हम केवल फैक्ट्री, मशीनों और फैशन की नहीं, बल्कि उन करोड़ों भारतीयों की बात करते हैं, जिनकी ज़िंदगी कॉटन के खेतों, हैंडलूम, पावरलूम और सिलाई मशीनों से जुड़ी है। पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में जिस व्यापक सोच, दृढ़ संकल्प और निर्णायक नीतिगत सुधार को इस क्षेत्र ने देखा है, उससे आज टेक्सटाइल सेक्टर एक नए आत्मविश्वास के साथ खड़ा है। आज जब हम टेक्सटाइल सेक्टर में लागू हालिया सुधारों के प्रभाव की बात करते हैं, तो यह केवल बदलाव नहीं, बल्कि किसानों, उद्यमियों, महिलाओं, बुनकरों, तकनीशियनों और युवाओं की नई संभावनाओं की कहानी है जिसका उद्देश्य भारत को वैश्विक टेक्सटाइल शक्ति बनाना है। यह लेख सिर्फ़ योजनाओं की सूची नहीं, बल्कि उस परिवर्तन की झलक है जिसे हम सब ने मिलकर आकार दिया है।**

टेक्सटाइल क्षेत्र की जड़ें खेत में हैं और किसान इस यात्रा की पहली कड़ी हैं। इसलिए हमारी प्राथमिकता हमेशा यह रही कि कॉटन किसान को बाजार के उतार-चढ़ाव, दामों की अनिश्चितता और बिचौलियों की दबाव-प्रणाली से मुक्त किया जाए। यही कारण है कि 2004 से 2014 के बीच जहाँ सरकारी एजेंसियों द्वारा कुल 173 लाख कॉटन बेल्स की खरीद हुई, वहीं 2014 से 2024 के बीच यह बढ़कर 473 लाख कॉटन बेल्स पर पहुँची। यह लगभग 173प्रतिशत की वृद्धि है, जो दर्शाती है कि सरकार ने किसान को सिर्फ़ मौसमी प्राथमिकता नहीं दी, बल्कि उसे स्थायी सुरक्षा दी। इसी तरह एमएसपी में सुधार भी किसानों को स्थिरता देने वाला बड़ा कदम रहा है। 2013-14 में कॉटन का एमएसपी 3,700 रुपये प्रति क्विंटल था, जबकि 2025-26 में इसे बढ़ाकर 7,710 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है। यह 108 प्रतिशत की वृद्धि है, जो किसान की आय, सुरक्षा और आत्मविश्वास को मजबूत करती है। जब हम कहते हैं कि किसान हमेशा सुरक्षित है, तो यह सिर्फ़ बात भर नहीं, बल्कि इन वास्तविक आँकड़ों पर आधारित सच्चाई है कि सरकार पहले से अधिक मात्रा में कॉटन खरीद रही है और किसानों के लिए लाभकारी मूल्य सुनिश्चित कर रही है। सिर्फ़ ज़्यादा प्रोडक्शन ही काफ़ी नहीं, बेहतर क्वालिटी भी उतनी ही ज़रूरी है। इसी सोच के साथ ?2,500 करोड़ का मिशन फॉर कॉटन प्रोडक्टिविटी शुरू किया गया, जिसका लक्ष्य केवल प्रोडक्शन बढ़ाना नहीं, बल्कि कॉटन की गुणवत्ता को विश्व-स्तर तक पहुँचाना है। इस मिशन के तहत बेहतर बीज, वैज्ञानिक खेती, फार्म मैनेजमेंट और गुणवत्ता नियंत्रण की प्रक्रियाएँ मजबूत की जा रही हैं। इसके साथ ही किसान को न्यू-एज फाइबर की तरफ प्रेरित करने का प्रयास भी किया जा रहा है ताकि भारत ग्लोबल वैल्यू-चेन में हाई क्वालिटी कॉटन और मिक्स्ड फाइबर के प्रमुख सप्लायर के रूप में उभरे।

जब हम भविष्य की बात करते हैं, तो पुनः स्पष्ट करना आवश्यक है कि टेक्सटाइल की अगली वृद्धि ट्रेडिशनल फाइबर पर ही आधारित नहीं होगी। इसी दिशा में सरकार ने फ्लैक्स, रैमी, सिसल और मिल्कवीड जैसे न्यू ऐज फाइबर को प्राथमिकता में रखा है। यह फाइबर किसानों के लिए कम लागत के साथ अधिक आय देने वाले अनुकूल विकल्प हैं और इनसे पूरी वैल्यू-चेन में नई प्रोसेसिंग, नए उद्योग और बड़े पैमाने पर नए रोज़गार पैदा होंगे। मिल्कवीड जैसे पौधे अब न्यू-एज टेक्सटाइल फाइबर के रूप में उभर रहे हैं और निकट भविष्य में ये किसानों के लिए अतिरिक्त आय का निश्चित ही महत्वपूर्ण स्रोत बनेंगे।

कॉटन पर इम्पोर्ट ड्यूटी हटाने का फैसला उद्योग के लिए तुरंत राहत देने वाला कदम साबित हुआ है। पहले यह राहत 30 सितंबर तक ही दी गई थी, लेकिन इसके सकारात्मक परिणामों को देखते हुए इसे 31 दिसंबर तक बढ़ाया गया है। इस कदम से मिल्स को इंटरनेशनल कम्पेटिटिव दामों पर कॉटन मिलने लगा, जिसकी वजह से यार्न और फैब्रिक की प्रोडक्शन कॉस्ट कम हुई जो सीधे तौर पर हमारे टेक्सटाइल एक्सपोर्ट्स को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में मजबूत बनाने वाली साबित होगी।

स्स्श्रह्य के लिए यह कदम विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि इम्पोर्ट ड्यूटी में राहत मिलने से अब उन्हें स्थिरता, बेहतर प्लानिंग और कॉस्ट मैनेजमेंट का अवसर मिलेगा। साथ ही, डोमेस्टिक मार्केट में भी रॉ कॉटन की आपूर्ति होगी, जिससे हैंडलूम, पावरलूम, डिजाइनर सेगमेंट, और फैब्रिक आधारित स्टार्टअप तक सभी को हाई क्वालिटी फाइबर उचित मूल्य पर उपलब्ध हो पाएगा। यह निर्णय भारत को एक स्थिर और प्रतिस्पर्धी मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

पीएलआई योजना ने टेक्सटाइल सेक्टर को नई ऊर्जा दी है जिसने इस क्षेत्र में अभूतपूर्व उत्साह और निवेश के अनुकूल वातावरण तैयार किया है। उद्योग की मांग को देखते हुए आवेदन पोर्टल को 31 दिसंबर 2025 तक पुनः खोला गया है जिसमें अब तक 27 नए आवेदन प्राप्त हुए हैं। इससे नई फैक्ट्रियाँ, नई टेक्नोलॉजी, और हज़ारों नए रोजगार सृजित किए जाएंगे और 2030 तक टेक्सटाइल सेक्टर के 12 बिलियन डॉलर एक्सपोर्ट लक्ष्य को हासिल करने में बड़ी मदद मिलेगी। अब तक 74 स्वीकृत कंपनियों में से 42 कंपनियों का टेक्निकल टेक्सटाइल में होना इस बात का संकेत है कि भारत इनोवेशन से भरे इस सेक्टर में गंभीर रूप से निवेश कर रहा है। फलस्वरूप टेक्निकल टेक्सटाइल्स का एक्सपोर्ट भी पिछले वर्ष की तुलना में 12.4 प्रतिशत बढ़कर 3.2-3.4 बिलियन डॉलर तक पहुँचा। सबसे रोचक तथ्य यह है कि शीर्ष 10 कंपनियों द्वारा किया गया वास्तविक निवेश 4,584 करोड़ रुपये रहा, जो कि उनकी कमिटेड राशि से करीब 500 करोड़ रुपये से भी अधिक है। इसका सबसे प्रेरक उदाहरण बेबी डायपर्स और सैनिटेरी नैप्किंस का है। एक समय था जब भारत इन प्रोडक्टस के लिए बड़े पैमाने पर विदेशी उत्पादों पर निर्भर था, लेकिन आज पीएलआई के बाद हम इस सेक्टर में इम्पोर्ट डिपेंडेंसी से मुक्त होकर नेट एक्सपोर्टर बनने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।हाल ही में एमईजी और विस्कोस पर क्यूसीओ हटाने का निर्णय लिया गया जो इंडस्ट्री की वास्तविक जरूरतों और ग्लोबल सप्लाई चेन की परिस्थितियों को समझते हुए लिया गया है। क्यूसीओ हटने के बाद अब एमएमएफ वैल्यू-चेन को वैश्विक स्तर के रॉ मटेरियल कम्पेटिटिव दरों पर मिलेंगे, जिससे प्रोडक्शन प्लानिंग और लागत दोनों में सुधार होगा।

डाउन-स्ट्रीम सेक्टर जिसमें विशेषकर गारमेंटिग सेक्टर को तुरंत राहत मिलेगी। आज इस क्षेत्र में लगभग 1.4 करोड़ नौकरियाँ हैं और हमारा लक्ष्य 2030 तक इसमें 1 करोड़ नई नौकरियों के अवसर तैयार करना है।टेक्सटाइल इंडस्ट्री की इनवर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर के सुधार को लेकर एक पुरानी डिमांड थी जिससे वर्किंग कैपिटल ब्लॉक हो जाता था। पर अब नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म से इस समस्या को दूर किया गया है।इसके साथ ही रेडीमेड गार्मेंट्स के लिए बड़ा कदम उठाते हुए ?2,500 तक के अपेरल पर जीएसटी 5त्न किया गया है। जिससे मिडिल क्लास, युवा व विद्यार्थियों के लिए कपड़े अब और अधिक किफायती होंगे। साथ ही टियर 2-3 शहरों और गांवों में भी इसकी डिमांड भी बढ़ेगी।

टेक्सटाइल क्षेत्र में बड़ी संख्या में माइग्रेन्ट, महिला और कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स काम करते हैं। हाल के लेबर रिफॉर्म इन्हें वास्तविक अधिकार, सुरक्षा और स्थिरता देने के लिए बनाए गए हैं। सभी अब समान वेतन, समान कल्याण योजनाओं और सुविधाओं के हकदार होंगे। ये सुधार टेक्सटाइल वर्कफोर्स को एक सम्मानजनक और सुरक्षित वातावरण देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगे।

पीएम मित्रा योजना भारत के टेक्सटाइल सेक्टर के लिए गेम-चेंजर साबित हो रही है। यह पार्क सिर्फ इंडस्ट्रियल क्लस्टर नहीं, मैं इन्हें हमारे टेक्सटाइल सेक्टर के 7 ऊर्जा-केंद्र मानता हूँ। सातों राज्यों में भूमि आवंटन के साथ काम सुचारु रूप से प्रगतिशील है। अभी तक देशभर से लगभग 33,000 करोड़ रुपये की इनवेस्टमेंट आकर्षित किया है। साथ ही इन पार्कों से करीब 21 लाख रोजगार सृजित होंगे।

जून 2024 में वस्त्र मंत्रालय संभालते वक्त यह साफ़ था कि भारत कुछ चुनिंदा ट्रेडिशनल मार्केट्स पर ही निर्भर है। इसलिए मैंने टीम को निर्देश दिया कि दुनिया के नए इमर्जिंग मार्केट्स को पहचानें, उनके डिमांड ट्रेंड्स और पर-कैपिटा इंकम का अध्ययन करें। इसके बाद 40 ऐसे नए बाज़ार पहचाने गए जहाँ भारत की मौजूदगी बहुत कम थी, लेकिन संभावना बहुत ज्यादा है। इसी सोच के साथ आज भारत 27 देशों के साथ एफटीए के जरिए नए बाज़ारों में मज़बूती से प्रवेश कर चुका है। हाल में यूके के साथ हुआ सीईटीए समझौता इसका बड़ा उदाहरण है। इसका असर तुरंत दिखा और अप्रैल 2024 से 2025 के बीच यूके को हमारे एक्सपोर्ट में 15 मिलियन डॉलर की बढ़ोतरी दर्ज हुई। इसी तरह भारत-ईएफटीए एग्रीमेंट हमारे लिए लगभग 14 बिलियन डॉलर के प्रीमियम मार्केट का द्वार खोलता है। सिर्फ़ एक साल में भारत के टेक्सटाइल एक्सपोर्ट 111 देशों में बढ़े, जिसमें 38 देशों में 50प्रतिशत से ज़्यादा और 16 देशों में 25-50 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। सबसे प्रेरक कहानी अर्जेंटीना की रही जो कभी भारत के लिए एक चैलेंजिंग मार्केट था, आज वहीं हमारे एक्सपोर्ट में 73त्न की रिकॉर्ड वृद्धि हुई है।यह सभी प्रयास मिलकर यही दिखाते हैं कि भारत का टेक्सटाइल सेक्टर अब सिर्फ़ उद्योग तक सीमित नहीं, बल्कि देश की ताकत और आगे बढ़ने की क्षमता का बड़ा आधार बन चुका है। आज हमारा टेक्सटाइल सेक्टर नए विश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है, और आने वाले सालों में भारत दुनिया की प्रतिस्पर्धा में सबसे आगे खड़े होने की क्षमता रखता है। हमारा लक्ष्य साफ़ है भारत को ऐसा टेक्सटाइल हब बनाना जो भरोसेमंद, आधुनिक और आने वाले समय की जरूरतों के हिसाब से सस्टेनेबल भी हो।

# राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देकर संबंधों को मजबूत कर रहा भारत

//एस. सुनील//

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस के साथ भारत के संबंधों को 'ध्रुव तारे की तरह अटल' बताया। उन्होंने कहा कि 25 साल पहले राष्ट्रपति पुतिन ने ही साझेदारी की नई बुनियाद रखी थी और उसके बाद दुनिया के कितने संकट देखे, दोनों देशों ने कितने उतार चढ़ाव देखे फिर भी दोनों के संबंध स्थिर रहे। दोनों देशों ने अपने नागरिकों के बीच संबंधों को और प्रगाढ़ करने के साथ साथ आर्थिक सहयोग बढ़ाने के नए लक्ष्य तय किए। रूस समय की कसौटी पर आजमाया हुआ भारत का दोस्त है। उसे सही अर्थों में भारत का सदाबहार दोस्त कह सकते हैं। अनगिनत मौकों पर रूस का वीटो संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत के काम आया है। 1971 की लड़ाई के समय अमेरिका के सातवें बेड़े के सामने रूस की समुद्री ताकत भारत के काम आई थी।**

रूस की तकनीक से भारत की सेना मजबूत और सक्षम हुई है तो रूसी तकनीक से भारत कुडनकुलम में सबसे सफल तरीके से परमाणु ऊर्जा का उत्पादन कर रहा है। रूसी तेल व गैस ने न सिर्फ भारत की, बल्कि पूरी दुनिया की ऊर्जा स्थिरता सुनिश्चित की। उसी रूस के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की दोस्ती को एक नई ऊंचाई दी है।

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन चार साल के बाद भारत की यात्रा पर आए तो जिस सहज अंदाज में प्रधानमंत्री से उनकी मुलाकातें हुईं और जितने मंचों पर दोनों ने अपनी बात रखी उससे कूटनीतिक, भू राजनीतिक और आर्थिक मुद्दों पर दोनों की वैचारिक स्पष्टता और एक दूसरे के साथ सहयोग करने की सोच सामने आई। दोनों के बीच भरोसा ऐसा दिखा कि अमेरिकी राष्ट्रपति की गाड़ी 'बीस्ट' से चार गुना ज्यादा सुरक्षित राष्ट्रपति पुतिन की गाड़ी पीछे पीछे चली और वे खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उनकी गाड़ी में बैठ कर प्राइवेट डिनर के लिए गए।

दोपक्षीय संबंधों को लेकर राष्ट्रपति पुतिन ने बिल्कुल सही कहा कि वे सिर्फ तेल और गैस की बात करने भारत नहीं आए हैं। यह बात उन तमाम लोगों के लिए एक संदेश था, जो उनकी यात्रा से पहले अटकल लगा रहे थे कि रूस और भारत के बीच हजारों करोड़ रुपए के रक्षा सौदे होंगे या भारत तेल व गैस की खरीद का सौदा करेगा। यह कितनी बड़ी बात है कि राष्ट्रपति पुतिन की यात्रा में कोई रक्षा सौदे होने की खबर नहीं आई। भारत एस 400 मिसाइल सिस्टम खरीद रहा है या एस 500 भी खरीदेगा और एसयू 57 लड़ाकू विमान भी खरीदेगा। परंतु राष्ट्रपति पुतिन की इस यात्रा में इस बारे में कोई नया समझौता नहीं हुआ।

पहले कहा जा रहा था कि राष्ट्रपति पुतिन अपना सामान बेचने भारत आ रहे हैं। परंतु इसका उलटा हुआ राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि वे भारत से रोजमर्रा की आवश्यकता की वस्तुओं और सेवाओं की खरीद बढ़ाने को तैयार हैं। यानी उन्होंने भारत से आयात बढ़ाने की सैद्धांतिक सहमति दी। रूस के साथ अगर भारत का आयात बढ़ता है तो निश्चित रूप से भारत के औद्योगिक और विनिर्माण सेक्टर में तेजी आएगी। ध्यान रहे अभी तक ज्यादातर देशों के साथ भारत का व्यापार घाटे में चलता है। अमेरिका एक बड़ा अपवाद है, जिससे भारत जितना सामान खरीदता है उससे दोगुने से ज्यादा बेचता है। हालांकि अब टैरिफ बढ़ने से अमेरिका को होने वाला आयात भी कम हुआ है और उसके बाद ही भारत अपने उत्पादों और सेवाओं के लिए दूसरे बाजार तलाश रहा था। अब रूस का बड़ा बाजार भारत को मिलने की गारंटी हो गई है। राष्ट्रपति पुतिन की इस यात्रा में जिन अनेक विषयों पर सहमति बनी है उसमें एक विषय अपनी मुद्रा में कारोबार करने की भी है। ध्यान रहे डॉलर की बढ़ती कीमत के कारण भारत का आयात बिल बढ़ रहा है। डॉलर के लिए भारत को ज्यादा पैसे चुकाने पड़ रहे हैं। रूस के साथ रुपए में कारोबार होने से भारत के आयात बिल में बड़ा अंतर आएगा, जिससे व्यापार घाटा कम होगा। ऐसे ही दुनिया के अनेक पश्चिमी देश और पूर्व में भी ऑस्ट्रेलिया आदि देशों में भारतीयों के प्रति घृणा अपराध में बढ़ोतरी हुई है और इन देशों ने वीजा के नियम भी सख्त किए हैं ताकि भारतीय छात्रों और पेशेवरों को आने से रोका जा सके।

रूस के साथ समझौते के बाद भारतीय छात्रों और पेशेवरों के लिए रूस में नए अवसर बनेंगे। भारत और रूस के बीच हुए 23वें सालाना शिखर सम्मेलन में इस पर सहमति बनी है कि रूस में भारत के कुशल पेशेवरों को नौकरी मिलेगी। इसके लिए भारत और रूस के बीच स्किल्ड लेबर मोबिलिटी की संधि हुई है। इसी तरह से रूस भारतीय छात्रों के लिए भी अपने नियमों में ढील देगा। भारत भी रूस के नागरिकों को 30 दिन का मुफ्त वीजा देगा। यह भारत में पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने के काम आने वाला निर्णय है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस के साथ भारत के संबंधों को 'ध्रुव तारे की तरह अटल' बताया। उन्होंने कहा कि 25 साल पहले राष्ट्रपति पुतिन ने ही साझेदारी की नई बुनियाद रखी थी और उसके बाद दुनिया के कितने संकट देखे, दोनों देशों ने कितने उतार चढ़ाव देखे फिर भी दोनों के संबंध स्थिर रहे। दोनों देशों ने अपने नागरिकों के बीच संबंधों को और प्रगाढ़ करने के साथ साथ आर्थिक सहयोग बढ़ाने के नए लक्ष्य तय किए। दोनों देशों के बीच दोपक्षीय कारोबार को 2030 तक एक सौ अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। यह अभी 64 अरब डॉलर सालाना पर है। लेकिन इसमें तेजी से बढ़ोतरी हो रही है और प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि लक्ष्य भले 2030 का है लेकिन इसे पहले ही हासिल कर लिया जाएगा।

यानी दोनों देशों के बीच कारोबार अगले एक दो साल में ही एक सौ अरब डॉलर की सीमा पार कर जाएगा। राष्ट्रपति पुतिन की इस यात्रा के दौरान हुए समझौतों की इसमें बड़ी भूमिका होगी। उनकी इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच कई अहम समझौते हुए। इसमें साझा तौर पर जलपोतों के निर्माण से लेकर शिपिंग लेन में निवेश और परमाणु ऊर्जा व महत्वपूर्ण खनिजों से जुड़े समझौते शामिल हैं। दोनों देशों के बीच खाद उत्पादन को लेकर करार हुआ तो मीडिया के क्षेत्र में भी पांच करार हुए। भारत में रूसी चैनल आरटी को राष्ट्रपति पुतिन ने लॉन्च किया। रूस के नेतृत्व वाले यूरेशिया इकोनॉमिक फोरम के साथ भारत की व्यापार संधि पर भी सहमति बनी है। इससे भारत के लिए एक बड़ा बाजार खुल सकता है।

## तस्वीरों की दुनिया



ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस (एआईटीसी) के राज्यसभा सांसद नई दिल्ली में संसद परिसर में केंद्र सरकार के महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का नाम बदलकर वीबीजी राम जी रखने के फैसले के खिलाफ 12 घंटे का धरना दे रहे हैं।



लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने संसद के शीतकालीन सत्र के समापन पर अपने चैंबर में राजनीतिक पार्टियों के नेताओं और सांसदों के साथ बैठक की, इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू नई दिल्ली में संसद भवन में मौजूद थे।



कांग्रेस महासचिव और पार्टी सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर अपने निर्वाचन क्षेत्र से जुड़े मुद्दे उठाए और लंबित कामों को जल्द पूरा करने का आग्रह किया।



विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने नई दिल्ली में बहु-दलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों से बातचीत की, जिन्होंने हाल ही में संयुक्त राष्ट्र महासभा में भारत का प्रतिनिधित्व किया था।



लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बर्लिन में हर्टी स्कूल में छात्रों को संबोधित किया।



तेलंगाना के हैदराबाद में पब्लिक सर्विस कमीशन के चेयरपर्सन के राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन के मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सम्मानित किया गया।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ में विधान भवन में उत्तर प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र में शामिल होने पहुंचे।

# भाजपा के नए राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन से मिले पीएम मोदी

## पार्टी विजन को लेकर कही ये बात



नईदिल्ली, 20 दिसम्बर [एजेंसी]।

भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। पीएम मोदी ने एक पोस्ट में कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन जी से मुलाकात हुई। उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी और जमीनी स्तर पर पार्टी को मजबूत करने के उनके प्रयासों के लिए शुभकामना दी। पीएम ने कहा कि मुझे विश्वास है कि उनका संगठनात्मक और प्रशासनिक अनुभव पार्टी के काम आएगा, क्योंकि हम सभी मिलकर जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए काम कर रहे हैं।

भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन ने शुक्रवार को पार्टी के राष्ट्रीय महासचिवों के साथ अपनी पहली बैठक की।

बैठक में उन्होंने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी के विजन को साकार करने के लिएमिलकर पूरी लगन से काम करें। उन्होंने पार्टी को और मजबूत करने की योजनाओं सहित कई विषयों पर चर्चा की। भाजपा मुख्यालय में हुई इस बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बीएल संतोष, संयुक्त महासचिव (संगठन) शिव प्रकाश और राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह, सुनील बंसल, राधामोहन दास अग्रवाल, विनोद तावड़े, दुष्यंत गौतम और तरुण चुघ उपस्थित थे। नवीन को 14 दिसंबर को भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। भाजपा ने एक बयान में कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष ने नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिवों के साथ बैठक की और विभिन्न विषयों पर उनसे विस्तृत चर्चा की। पदभार संभालने के बाद नवीन की पार्टी के राष्ट्रीय महासचिवों के साथ यह पहली आधिकारिक बैठक थी।

# ट्रंप प्रशासन छीन सकता है विदेश में जन्मे अमेरिकियों की नागरिकता, वैध-अवैध प्रवासियों के खिलाफ नया अभियान



**वाशिंगटन।** अमेरिका का ट्रंप प्रशासन अब उन कुछ अमेरिकी नागरिकों की नागरिकता छीनने की योजना बना रहा है, जिनका जन्म विदेश में हुआ है। इस कदम को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से वैध और अवैध प्रवासियों के खिलाफ चलाए जा रहे आक्रामक अभियान के नए चरण के रूप में देखा जा रहा है। न्यूयार्क टाइम्स द्वारा प्राप्त एक आंतरिक दिशा-निर्देश के अनुसार, अमेरिकी नागरिकता और आव्रजन सेवाओं के क्षेत्रीय कार्यालयों से कहा गया है कि वे वित्तीय वर्ष 2026 में हर महीने 100-200 नागरिकता छीनने के मामले दाखिल करें। यह दिशा-निर्देश मंगलवार को जारी किया गया।विशेषज्ञों का कहना है कि अगर ये मामले सफल होते हैं तो मौजूदा दौर में नागरिकता छीनने की सबसे बड़ी घटना होगी। न्याय विभाग के अनुसार, 2017 से आज तक ऐसे केवल 120 मामले दाखिल किए गए हैं। संघीय कानून के तहत लोगों को केवल तभी नागरिकता से वंचित किया जा सकता है, जब उन्होंने नागरिकता के लिए आवेदन करते समय धोखाधड़ी की हो या कुछ अन्य परिस्थितियों के कारण।यह दिशा-निर्देश ऐसे समय आया है, जब ट्रंप प्रशासन ने इस साल ज्यादातर समय आव्रजन प्रणाली की खामियों को दूर करने और देश में आने व रहने की चाहत रखने वाले लोगों की राह में बाधा डालने के प्रयास में गुजारा है।

### सिडनी में मास शूटिंग के बाद ऑस्ट्रेलिया सरकार का बड़ा कदम

**कैनबरा ।** सिडनी में बोंडी बीच पर यहूदियों पर हुए हमले के बाद ऑस्ट्रेलिया में कानून बदलने को लेकर चर्चा हो गई है। प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने ऐलान किया कि बोंडी बीच शूटिंग के बाद बंदूकों की संख्या कम करने के लिए एक नेशनल फायरआर्म बायबैक स्कीम शुरू की जाएगी। कैनबरा में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पीएम अल्बनीज ने कहा कि संघीय सरकार सरप्लस, नए प्रतिबंधित और गैरकानूनी हथियारों को खरीदने और नष्ट करने के लिए एक नेशनल बायबैक शुरू करेगी। अभी ऑस्ट्रेलिया में 40 लाख से ज्यादा हथियार हैं, जो पोर्ट आर्थर हत्याकांड के समय की संख्या से ज्यादा हैं।

# विदेश में छुट्टियां मनाने के मामले में Gen-Z और मिलेनियल सबसे आगे, किस देश में सबसे ज्यादा घूमने जातें हैं भारतीय



नईदिल्ली, 20 दिसम्बर [एजेंसी]।

विदेश में छुट्टियां बिताने के मामले में भारतीय भी अब किसी से पीछे नहीं हैं और इस नए ट्रेंड की ध्वज पताका जेन-जी (2000-2012 के दौरान जन्मे युवा) और मिलेनियल (1981-96 के बीच जन्मे लोग) के हाथों में है। नई रिपोर्ट में दावा किया गया है कि साल 2025 में विदेश जानेवाले हर 10 में से नौ व्यक्ति इसी आयु वर्ग से थे। रिपोर्ट के निष्कर्ष 10 लाख से अधिक विदेश यात्रा करने वाले भारतीय यात्रियों के यात्रा डाटा पर आधारित हैं। ट्रैवल-बेकिंग फिनटेक प्लेटफार्म नियो की ओर से जारी वार्षिक यात्रा रिपोर्ट बताती है कि नए अनुभवों की तमन्ना रखनेवाले डिजिटल तकनीक में दक्ष युवा भारतीय स्मार्ट प्लानिंग करके कम खर्च में दुनिया भर में अकेले ही यात्रा कर रहे हैं। वे सबसे ज्यादा विदेश में खरीदारी पर खर्च कर रहे हैं और उनकी यात्राएं छोटी, लेकिन रोमांचक अनुभवों से भरी हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2025 में अंतरराष्ट्रीय यात्राएं करने के मामले में हर 10 में से नौ यात्री जेन-जी और मिलेनियल है। करीब दो-तिहाई यात्राएं दिल्ली, बेंगलुरु और मुंबई से शुरू हुईं, जो यह दिखाता है कि विदेश यात्रा में भारत के बड़े महानगरों की अहम भूमिका है। विदेश घूमने के मामले में अकेले यात्रा करनेवाले सबसे ज्यादा रहे। करीब 63.8 प्रतिशत लोगों ने अकेले यात्रा की, जबकि पति-पत्नी के रूप में 19.93 प्रतिशत दंपतियों ने विदेश में छुट्टियां बिताईं।12.26 प्रतिशत परिवारों ने विदेश यात्रा की, वहीं समूह में सबसे कम 4.01 प्रतिशत लोग घूमने निकले।

इससे पता चलता है कि सोलो ट्रैवल का रुझान तेजी से बढ़ रहा है। युवाओं ने विदेश घूमने का अनुभव लेने के लिए स्मार्ट तरीके से योजनाएं बनाईं। इनमें थोड़े-थोड़े दिनों की यात्राएं सबसे ज्यादा देखी गईं। घूमने के मामले में सबसे ज्यादा थाईलैंड को पसंद किया गया, वहीं यूएई और जार्जिया भी सस्ते होने की वजह से लोगों की विशेष पसंद बने। सबसे कम संख्या में लोग ब्रिटेन और सिंगापूर घूमने गए।रिपोर्ट में आगे बताया गया कि उड़ानों की संख्या में बढ़ोतरी के मामले में उभरते देश थाईलैंड, यूएई, मलेशिया, उज्बेकिस्तान और कजाखस्तान रहे। वहीं, वीजा बुकिंग में दुबई, वियतनाम, सिंगापूर, हांगकांग और इंडोनेशिया के लिए तेज बढ़ोतरी दर्ज की गई। रिपोर्ट के मुताबिक, विदेश यात्रा के दौरान यात्रियों के खर्च करने के तरीकों में भी बदलाव आ रहा है। लोगों ने कुल खर्च का लगभग आधा हिस्सा (47.28 प्रतिशत) विदेश में शॉपिंग पर किया। इसके बाद खाने-पीने, घूमने, ठहरने और रोमांचक गतिविधियों के अनुभव लेने पर खर्च किया गया।

# पति दो साल भरण-पोषण न दे तो पत्नी को तलाक लेने का अधिकार, हाईकोर्ट ने फैमिली कोर्ट के फैसले को रखा बरकरार

बिलासपुर, 20 दिसम्बर [एजेंसी]।



छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने मुस्लिम कानून के तहत दिए गए एक अहम फैसले में स्पष्ट किया है कि यदि पति लगातार दो वर्ष तक पत्नी को भरण-पोषण नहीं देता है, तो पत्नी को तलाक लेने का कानूनी अधिकार है। कोर्ट ने फैमिली कोर्ट द्वारा पारित तलाक की डिक्री को सही ठहराते हुए पति की याचिका खारिज कर दी। हालांकि, पत्नी द्वारा लगाए गए क्रुरता के आरोप को कोर्ट ने स्वीकार नहीं किया। यह मामला झारखंड के बोकारो जिले की एक मुस्लिम महिला से जुड़ा है, जिसका निकाह छत्तीसगढ़ निवासी व्यक्ति से 30 सितंबर 2015 को मुस्लिम रीति-रिवाज से हुआ था। निकाह के 15 दिन बाद ही दंपती के बीच विवाद शुरू हो गया। इसके बाद पत्नी मायके चली गई और तब से वहीं रह रही है। इस दौरान पति-पत्नी के बीच अलगाव बना रहा। पत्नी ने फैमिली कोर्ट में याचिका दायर कर आरोप लगाया कि पति ने मई 2016 से अब तक उसे कोई भरण-पोषण नहीं दिया। मुस्लिम विवाह विच्छेद अधिनियम, 1939 की धारा 2 के तहत दो वर्ष तक भरण-पोषण न देना तलाक का वैध आधार है।

फैमिली कोर्ट ने दस्तावेजों के आधार पर पत्नी की याचिका स्वीकार करते हुए तलाक की डिक्री पारित कर दी। इस फैसले को पति ने हाई कोर्ट में चुनौती दी थी, लेकिन डिवीजन बेंच ने तलाक के आधार को सही मानते हुए याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि मुस्लिम कानून में पत्नी का भरण-पोषण पति की कानूनी जिम्मेदारी है। यदि पति लगातार दो वर्ष तक यह जिम्मेदारी नहीं निभाता, तो पत्नी को तलाक मांगने का अधिकार है, चाहे वह पति से अलग रह रही हो। कोर्ट ने पाया कि लगभग आठ वर्षों तक पति ने कोई भरण-पोषण नहीं दिया, जो कानूनन गंभीर चूक है।कोर्ट ने यह भी कहा कि पत्नी द्वारा लगाए गए क्रूरता के आरोप पर्याप्त साक्ष्यों के अभाव में साबित नहीं हो सके। इससे पहले ट्रायल कोर्ट भी पति और उसके स्वजन को आइपीसी की धारा 498ए सहित अन्य धाराओं में बरी कर चुका था।

# भाजपा विधायक हार्दिक पटेल राजद्रोह के केस से मुक्त पाटीदार आरक्षण आंदोलन के दौरान दर्ज हुए थे मामले



अहमदाबाद, 20 दिसम्बर [एजेंसी]।

गुजरात के पाटीदार आरक्षण आंदोलन के नेता रहे भाजपा विधायक हार्दिक पटेल और उनके साथियों के खिलाफ चल रहे राजद्रोह केस को सरकार ने वापस ले लिया है। अब ये सभी राजद्रोह के आरोप से दोषमुक्त हो गए हैं। पाटीदार आरक्षण आंदोलन के दौरान 2015 में हार्दिक पटेल, अल्पेश कथीरिया, विपुल देसाई, चिराग देसाई के खिलाफ सूरत के अमरोली पुलिस थाना में राजद्रोह, तोड़फोड़ व राजकार्य में बाधा डालने करने का मामला दर्ज किया गया था।

आंदोलन के बाद हार्दिक सक्रिय राजनीति में आ गए थे। वह पहले गुजरात कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बने और बाद में भाजपा में शामिल होकर अहमदाबाद ग्रामीण की वीरमगाम सीट से विधायक चुने गए। राज्य सरकार ने सूरत जिला एवं सत्र न्यायालय में हार्दिक व अन्य आरोपितों के खिलाफ राजद्रोह के मामले में मुकदमे को न चलाने पर सहमति दी। इसके बाद अमरोली पुलिस की ओर से पेश रिपोर्ट को मान्य करते हुए सत्र न्यायालय ने सभी आरोपितों के खिलाफ राजद्रोह से जुड़ी धाराओं को हटा दिया।

### माघ मेले में पहली बार स्कैन टू फिक्स तकनीकी का होगा इस्तेमाल

**प्रयागराज।** प्रयागराज के संगम किनारे 3 जनवरी से आयोजित होने वाले आस्था के जन समागम माघ मेले में सभी विभाग अपनी तैयारियां पूरी करने में युद्ध स्तर पर लगे हुए हैं। बिजली विभाग 800 हेक्टेयर में फैले इस माघ मेले में निर्बाध विद्युत आपूर्ति करने की अपनी तैयारी में लगा है। इसके लिए इस बार विभाग ने कई नव्य प्रयोग किए हैं। त्रिवेणी के तट पर 44 दिनों तक लगातार चलने वाले माघ मेले में संगम की रेत पर तंबुओं का एक अस्थाई शहर बसाने की तैयारी है। तंबुओं के इस शहर का कोना-कोना रोशन रखने के लिए बिजली विभाग ने अपनी तैयारियां लगभग पूरी कर ली हैं। बिजली विभाग के अधिशाषी अभियंता (माघ मेला) अशोक कुमार शर्मा बताते हैं कि माघ मेले में इस बार 350 किमी लंबी एलटी की लाइन बिछनी थी, जिसमें 320 किमी बिछ चुकी है। मेले में 7.5 लाख विद्युत कनेक्शन देने के साथ 24×7 बिजली मिलती रहे, इसके लिए नए प्रयास किए गए हैं। माघ मेले में विद्युत आपूर्ति से जुड़ी हर समस्या के त्वरित समाधान के लिए पहली बार स्कैन टू फिक्स तकनीकी का इस्तेमाल किया जा रहा है। मेले से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि स्कैन टू फिक्स तकनीकी के अंतर्गत विद्युत विभाग ने माघ मेले में पहली बार हाईटेक 'बारकोड सिस्टम' लागू किया है।

# भाजपा अध्यक्ष बड़ौली के दुष्कर्म मामले की सुनवाई टली, अब 31 दिसंबर को होगी हियरिंग



**सोलन।** हरियाणा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली और गायक राकी मित्तल के विरुद्ध कथित दुष्कर्म मामले में सुनवाई शुक्रवार को टल गई। अब इस मामले में 31 दिसंबर को सुनवाई होगी। पुलिस की क्लोजर रिपोर्ट पर कसौली कोर्ट में शुक्रवार को इन कैमरा सुनवाई होनी थी, जिसके लिए केवल पक्ष-विपक्ष सहित जज के अलावा कमरे में और किसी को आने की अनुमति नहीं थी। कोर्ट में अधिक व्यस्तता के चलते सुनवाई टाल दी।यह मामला 13 दिसंबर 2024 से जुड़ा है। बीते वर्ष दिसंबर में मोहन लाल बड़ौली व राकी मित्तल के विरुद्ध दिल्ली निवासी एक महिला ने कसौली पुलिस थाना में दुष्कर्म का मामला दर्ज करवाया था। शिकायतकर्ता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि जुलाई 2023 में वह सहेली व बास अमित बिंदल के साथ कसौली घूमने आई थी। इस दौरान उनकी मुलाकात मोहन लाल बड़ौली व राकी मित्तल से हुई। वहां उन्होंने अपने कमरे में बुलाया और उसे नौकरी व माडल बनाने का झांसा देकर दुष्कर्म किया।करीब डेढ़ साल बाद इसकी शिकायत हुई थी। पुलिस ने महिला के साथ जाकर होटल में छानबीन की थी। महिला को मेडिकल के लिए भी ले जाया गया, लेकिन उसने इसके लिए असहमति जताई थी।

पुलिस ने हरियाणा जाकर दोनों आरोपितों से पूछताछ की थी। महिला ने कोर्ट के माध्यम से पुलिस से मामले की स्टेटस रिपोर्ट मांगी थी, जिसको पुलिस ने कोर्ट में पेश कर दिया था। ठोस सुबूतों के अभाव में पुलिस ने कैंसिलेशन रिपोर्ट कोर्ट में सबमिट की थी, जिसे कसौली कोर्ट ने दो बार शिकायतकर्ता के पेश न होने पर मामले को बंद कर दिया था। उसके बाद शिकायतकर्ता ने जिला एवं सत्र न्यायालय सोलन में कैंसिलेशन रिपोर्ट को चुनौती थी। जिस पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने उसको 30 जुलाई को कसौली कोर्ट में आब्जेक्शन दर्ज करवाने के आदेश दिए थे।

# कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर मनरेगा समाप्त कर ग्रामीणों से रोजगार छीनने का लगाया आरोप, 21 दिसंबर से आंदोलन



रांची, 20 दिसम्बर [एजेंसी]।

कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर मनरेगा को कमजोर कर ग्रामीण जनता से रोजगार की गारंटी छीनने का आरोप लगाया है। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के. राजू ने कहा कि मनरेगा के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में 100 दिन के रोजगार की जो संवैधानिक गारंटी थी, उसे नए विधेयक में समाप्त कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि पहले यह तय करने का अधिकार ग्रामीण मजदूरों के हाथ में था कि किस गांव में काम होगा, लेकिन अब यह फैसला केंद्र सरकार करेगी। मनरेगा में जहां पहले केंद्र सरकार 90 प्रतिशत फंड देती थी, वहीं अब सिर्फ 60 प्रतिशत राशि भी चुनिंदा क्षेत्रों में ही दी जाएगी। इससे गरीब राज्यों में मनरेगा के तहत मिलने वाला रोजगार स्वतः समाप्त हो जाएगा। के. राजू ने आरोप लगाया कि महात्मा गांधी के सिद्धांतों पर चलने वाली इस योजना का नाम बदलकर गांधी जी के नाम को भी खत्म करने की कोशिश की गई है। उन्होंने कहा कि मनरेगा ग्रामीण अर्थव्यवस्था की आत्मा थी, जिसे कुचल दिया गया है।

कोविड काल में इस योजना ने लाखों लोगों को रोजगार देकर जीवन रक्षक की भूमिका निभाई थी। मनरेगा को समाप्त कर भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ को कमजोर किया जा रहा है। कांग्रेस 21 दिसंबर से जिला स्तर पर इसके खिलाफ आंदोलन करेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि कांग्रेस स्थापना दिवस के अवसर पर पंचायत बूथ और प्रखंड स्तर पर कार्यालयों में झंडा फहराया जाएगा। संगठन सृजन अभियान झारखंड में अंतिम चरण में है। हर ग्राम पंचायत में 12 सदस्यीय कमेटी बनेगी और प्रत्येक माह पंचायत व प्रखंड स्तर पर बैठकें होंगी। बीएलए की नियुक्ति के बाद उनके प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 1100 म्युनिसिपल वार्ड का गठन भी अंतिम चरण में है और 17 जनवरी के बाद सभी प्रखंडों में संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। संवाददाता सम्मेलन में सह प्रभारी सीरीबेला प्रसाद, भूपेंद्र मारावी, सुबोध कांत सहाय, बंधु तिर्की, शहजादा अनवर, राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुजनी, सोनाल शांति और रमा खलको सहित अन्य नेता उपस्थित थे।

### बच्चों के एचआइवी पॉजिटिव पाए जाने पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग सख्त, राज्यों को नोटिस मांगी सफाई

नई दिल्ली। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने कहा है कि मध्य प्रदेश के सतना जिला अस्पताल में छह बच्चों के एचआइवी पाजिटिव पाए जाने के मद्देनजर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नोटिस जारी किया गया है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने एक बयान में कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों में हो रहीं ऐसी घटनाएं आयोग के संज्ञान में आई हैं। इसलिए, आयोग ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को नोटिस जारी कर चार सप्ताह के भीतर इस मामले पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मध्य प्रदेश सरकार ने सतना जिले के सरदार वल्लभभाई पटेल सरकारी अस्पताल में छह बच्चों के एचआइवी पाजिटिव पाए जाने के संबंध में एक ब्लड बैंक प्रभारी और दो लैब तकनीशियनों को निलंबित कर दिया है।इस मामले की जांच के लिए गठित समिति की प्रारंभिक रिपोर्ट के आधार पर यह कार्रवाई की गई।

# अगले चार महीने में एक हजार पंचायत सरकार भवन निर्माण का लक्ष्य, मिशन मोड में चल रहा काम



पटना, 20 दिसम्बर [एजेंसी]।

राज्य सरकार ने अगले तीन से चार महीने में एक हजार पंचायत सरकार भवनों का निर्माण कार्य पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। राज्य में 2599 पंचायत सरकार भवनों का निर्माण किया जाना है, जिनमें से 322 भवनों का लोकार्पण किया जा चुका है। 38 पंचायत सरकार भवनों का हस्तांतरण प्रशासी विभाग को किया जा चुका है, जबकि लगभग 180 भवनों के हस्तांतरण की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।भवन निर्माण सचिव कुमार रवि ने शुक्रवार को जानकारी दी कि पंचायत सरकार भवनों का निर्माण मिशन मोड में किया जा रहा है। 1800 पंचायत सरकार भवनों का निर्माण तेजी से पूरा हो रहा है। अभियंताओं एवं संवेदकों को लक्ष्य निर्धारित कर भवनों का निर्माण पूर्ण करने का निदेश दिया गया है। उन्होंने कहा कि पंचायत सरकार भवन के निर्माण के साथ-साथ हैंडओवर की प्रकिया में भी तेजी लाई जा रही है। भवनों के निर्माण में किसी तरह की लापरवाही न हो और गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य कराना सुनिश्चित की जा रही है।

गुणवत्ता जांच के लिए विशेष जांच अभियान भी चलाए जा रहे हैं।उन्होंने कहा कि पंचायत सरकार भवनों का निर्माण ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इन भवनों में राज्य सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे जनता को स्थानीय स्तर पर ही सरकारी सेवाओं का लाभ मिल सकेगा।

# एसएसपी बदायूं को इलाहाबाद हाई कोर्ट की फटकार कहा- आपने की उद्दंडता, दिया ये बड़ा आदेश



प्रयागराज, 20 दिसम्बर [एजेंसी]।

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने बदायूं के एसएसपी द्वारा पुलिस उप निरीक्षक को सीजेएम से संवाद के लिए नियुक्त करने पर नाराजगी जताई है और उनके रवैये को सरासर उद्दंडता करार दिया है। साथ ही उन्हें व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल कर यह स्पष्ट करने के लिए कहा है कि उनके खिलाफ अलग से सिविल अवमानना की कार्यवाही क्यों न शुरू की जाए।यह आदेश न्यायमूर्ति जेजे मुनीर तथा न्यायमूर्ति संजीव कुमार की खंडपीठ ने दिया है। मुकदमे से जुड़े तथ्य यह हैं कि 1984 की लंबित अपील का अपीलार्थी आनंद प्रकाश लापता है। कोर्ट ने गत 10 दिसंबर को अपीलार्थी की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए जमानती वारंट जारी करने का निर्देश दिया था।साथ ही स्पष्ट किया था कि वारंट तब तक बिना तामील लौटाया नहीं जाएगा, जब तक पुलिस शपथपत्र सहित यह प्रमाण न सुलभ करा दे कि अपीलार्थी की मृत्यु हो चुकी है अथवा वह देश छोड़ चुका है। एसएसपी को यह भी सुनिश्चित करने का आदेश दिया था कि अपीलार्थी जहां भी छिपा हो या स्थानांतरित हुआ हो, वहां उसकी तलाश कर वारंट का तामीला कराया जाए। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पाया कि एसएसपी ने वारंट तामीला के लिए अपेक्षित प्रयास नहीं किए और संबंधित सीजेएम से स्वयं संवाद भी नहीं किया।कोर्ट के आदेश के अनुपालन में सीजेएम बदायूं ने सीधे एसएसपी को मेमो भेजा था लेकिन उन्होंने स्वयं उत्तर देने की बजाय अधीनस्थ उपनिरीक्षक से सीजेएम को पत्र भिजवाया। रवैये पर आपत्ति जताते हुए खंडपीठ ने कहा, 'जब सीजेएम ने हाई कोर्ट के आदेश के तहत स्वयं एसएसपी को मेमो भेजा था तो उपनिरीक्षक से जवाब भिजवाना प्रथम दृष्टया उद्दंडता है।कोर्ट ने कहा कि मामला न्यायालय की प्रक्रिया से जुड़ा था, तब भी एसएसपी को स्वयं मेमो के माध्यम से जवाब देना चाहिए, न कि किसी साधारण अधीनस्थ अधिकारी से पत्र लिखवाना चाहिए। कोर्ट ने पुलिस की रिपोर्ट पर भी असंतोष जताया, जिसमें कहा गया कि अपीलार्थी का पता नहीं चल सका। कोर्ट ने कहा कि यह रिपोर्ट उसके आदेश का स्पष्ट उल्लंघन है क्योंकि वारंट केवल दो ही परिस्थितियों में बिना तामीला लौटाया जा सकता है, या तो अपीलार्थी की मृत्यु हो चुकी हो या वह देश छोड़ चुका हो। दोनों में किसी भी स्थिति की पुष्टि रिपोर्ट में नहीं की गई। इन परिस्थितियों में एसएसपी प्रथमदृष्टया हाई कोर्ट के आदेश की अवमानना के दोषी प्रतीत होते हैं।

### रणथंभौर में बढ़ा बाघों का कुनबा, बाघिन सुल्ताना ने दिया 2 शावकों को जन्म

**नई दिल्ली।** राजस्थान के रणथंभौर टाइगर रिजर्व में बाघिन टी-107 सुल्ताना ने दो शावकों को जन्म दिया है। अब रणथंभौर में बाघ-बाघिनों की संख्या 73 हो गई है। सुल्ताना अपने दोनों नन्हें शावकों को मुंह में लेकर घुमती हुई नजर आई।सुल्ताना शावकों के साथ सुबह रणथंभौर दुर्ग से गणेश मंदिर जाने वाले रास्ते पर द्वार के पास नजर आई। सुल्ताना ने रणथंभौर में मिश्रदर्रा द्वार के निकट शावकों को जन्म दिया है। इससे पहले भी सुल्ताना ने जितने भी शावकों को जन्म दिया वह सब मिश्रदर्रा द्वार के निकट बनी गुफा में हुए हैं। सुल्ताना की उम्र नौ वर्ष है और वह बाघिन टी-39 की बेटी है। रणथंभौर के जिला वन अधिकारी मानस सिंह ने बताया कि सुल्ताना और दोनों शावकों पर नजर रखी जा रही है। वनकर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

# ओडिशा में विधायकों की वेतन वृद्धि पर बीजेडी का यू-टर्न, आक्रोश बढ़ने पर पुनर्विचार की मांग

भुवनेश्वर, 20 दिसम्बर [एजेंसी]।



बीजू जनता दल (बीजेडी) ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी से विधायकों (एमएलए) के वेतन, भत्तों और पेंशन में बढ़ोत्तरी से जुड़े उस विधेयक पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया, जिसे हाल ही में ओडिशा विधानसभा में पारित किया गया है। हालांकि विधेयक के पारित होने के दौरान बीजेडी ने इसका समर्थन किया था, लेकिन पार्टी ने कहा कि जनता में बढ़ते असंतोष को देखते हुए अब इस फैसले की समीक्षा जरूरी हो गई है। इस विधेयक में विधायकों के वेतन, भत्तों और पेंशन में बढ़ोत्तरी का प्रस्ताव है। विधानसभा में पारित होने के बाद से ही इस फैसले को लेकर व्यापक जन आलोचना हो रही है। कई लोग इसके समय और औचित्य पर सवाल उठा रहे हैं।जनभावनाओं को स्वीकार करते हुए बीजेडी ने कहा कि जनता के व्यापक हित में इस मामले पर दोबारा विचार किया जाना चाहिए। पार्टी नेताओं ने कहा कि भले ही शुरुआत में उन्होंने विधेयक का समर्थन किया हो, लेकिन वह जनता की राय का सम्मान करती है और राज्यभर में उठ रही चिंताओं को नजरअंदाज नहीं कर सकती।बीजेडी नेता प्रमिला मल्लिक ने कहा कि ओडिशा की जनता इस विधेयक के खिलाफ है।

हमारे सुप्रीमो और पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक भी कभी अपना वेतन नहीं लेते। इसलिए हम मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी से लोगों की भावना का सम्मान करते हुए इस वेतन वृद्धि पर पुनर्विचार करने का अनुरोध करते हैं।इससे पहले भाजपा के विधायकों ने भी मुख्यमंत्री से वेतन वृद्धि के फैसले की समीक्षा करने की मांग की थी।वहीं, नेता प्रतिपक्ष और बीजेडी सुप्रीमो नवीन पटनायक ने भी मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर कहा था कि जनता के विरोध को देखते हुए वह बढ़ा हुआ वेतन स्वीकार नहीं करेंगे। अब सभी की नजरें राज्य सरकार के अगले कदम पर टिकी हैं और यह देखना होगा कि क्या इसकी समीक्षा की प्रक्रिया शुरू की जाती है या नहीं। गौरतलब है कि हाल ही में सम्पन्न हुए विधानसभा में विधायकों के वेतन में लगभग ढाई गुना की बढ़ोत्तरी की थी। सरकार के इस निर्णय का आम लोगों से तीखी प्रतिक्रिया सामने आने के बाद पहले भाजपा एवं अब बीजद के नेताओं ने वेतन वृद्धि निर्णय को वापस लेने की मांग किए हैं।

# सर्दियों में प्यास कम लगना भी हो सकता है खतरनाक, त्वचा और मस्तिष्क पर पड़ता है बुरा असर



सर्दियों का मौसम जितना खूबसूरत होता है, उतना ही शरीर के लिए एक खतरनाक भी साबित हो सकता है। इस मौसम में डिहाइड्रेशन का सबसे बड़ा खतरा बना रहता है। गर्मियों में तो हमें लगातार प्यास लगती है और हम पानी पीते रहते हैं, लेकिन जैसे ही तापमान गिरता है, तो लोगों को प्यास कम लगने लगती है। विशेषज्ञों का कहना है कि सर्दियों में कम पानी पीने की आदत शरीर के लिए कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकती है। नेशनल सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी इंफॉर्मेशन (एनसीबीआई) के अनुसार, ठंड के मौसम में शरीर के अंदर खून की नसें सिकुड़ जाती हैं। यह प्रक्रिया शरीर की गर्मी को बचाने के लिए होती है। जब नसें सिकुड़ती हैं, तो दिमाग तक खून का प्रवाह भी कम हो जाता है। ऐसे में प्यास को महसूस करने वाला दिमाग का सेंटर शरीर में पानी की कमी का सटीक आकलन नहीं कर पाता। इसके चलते हमें कम प्यास महसूस होती है, जबकि असल में शरीर को पानी की जरूरत उतनी ही होती है, जितनी गर्मियों में होती है। इसे वैज्ञानिक रूप से थर्मल डिहाइड्रेशन कहा जाता है।

सर्दियों में हवा की नमी भी बहुत कम होती है। जब हम ठंडी हवा सांस के माध्यम से अंदर लेते हैं और गर्म हवा बाहर छोड़ते हैं, तो शरीर से पानी वाष्प के रूप में बाहर निकलता है।

इस प्रक्रिया को रेस्पिरेटरी फ्लूइड लॉस कहा जाता है। यह पानी की कमी हमें दिखाई नहीं देती, लेकिन शरीर धीरे-धीरे डिहाइड्रेट होने लगता है।

इसके अलावा, भारी कपड़े और स्वेटर पहनने से हल्का पसीना आता है, जो सूखी हवा में जल्दी सूख जाता है। इसलिए हमें यह एहसास नहीं होता कि हमारा शरीर लगातार पानी खो रहा है।

घर या ऑफिस में इस्तेमाल होने वाले हीटर और ब्लोअर भी हानिकारक साबित हो सकते हैं। ये उपकरण हवा की नमी को सोख लेते हैं, जिससे हमारी त्वचा, गले और नाक से अतिरिक्त नमी बाहर निकल जाती है। यही कारण है कि सर्दियों में अक्सर मुंह सूखना या गले में खराश जैसी समस्याएं देखने को मिलती हैं।

इसके अलावा, कई लोग ठंड से राहत पाने के लिए चाय या कॉफी जैसी गर्म ड्रिंक्स का सहारा लेते हैं। हालांकि ये पेय गर्मी तो देते हैं, लेकिन शरीर को पानी की कमी पूरी तरह से नहीं भरते और अधिक कैफीन लेने से डिहाइड्रेशन और बढ़ सकता है।


डिहाइड्रेशन के लक्षण कई रूपों में सामने आते हैं। शरीर थकान महसूस करता है, ऊर्जा कम हो जाती है, त्वचा सूखी और फटी हुई दिख सकती है, और फटे होंठ, कब्ज, दिमाग की धीमी गति और गहरा पीला पेशाब इसके संकेत हैं।

लंबे समय तक डिहाइड्रेशन मेटाबॉलिज्म को धीमा कर सकता है, इम्यून सिस्टम कमजोर कर सकता है और पाचन या किडनी में समस्याएं पैदा कर सकता है।

सर्दियों में हाइड्रेटेड रहने के लिए कुछ आसान आदतें अपनाई जा सकती हैं।

सुबह उठते ही गुनगुना पानी पीना डाइजेस्टिव सिस्टम को सक्रिय करता है और पूरे दिन पानी पीने की आदत बनाने में मदद करता है।

पानी की बोतल को बार-बार नजर में रखना और हर 90 मिनट में पानी पीने का अलार्म लगाना इसे और आसान बना देता है। खाने में पानी से भरपूर चीजें जैसे सूप, तरबूज, खीरा, संतरा और अंगूर शामिल करना शरीर को हाइड्रेटेड रखने में मदद करता है। चाय या कॉफी से पहले एक गिलास पानी पीना भी जरूरी है, ताकि कैफीन के कारण शरीर का पानी संतुलन बिगड़े नहीं।



## सर्दियों में दो मुंहे बाल की समस्या? इन समाधानों से मिल सकती है बालों को नई मजबूती

सर्दियों के मौसम में शरीर का ध्यान रखने के साथ, सर्द हवाओं से त्वचा और बालों की देखभाल करना भी जरूरी हो जाता है। सर्द हवाएं बालों को रूखा, बेजान, दो मुंहा और कमजोर बना देती हैं, जिससे बाल गर्मियों की तुलना में ज्यादा झड़ने लगते हैं। ऐसे में अब सवाल है कि सर्दियों में दो मुंहे बालों से कैसे छुटकारा पाया जाए, जिससे बालों की सुंदरता भी बढ़ाई जा सके। सर्दियों में ठंडी हवा बालों को कमजोर कर दो मुंहे बालों की वजह बनती है। बालों में नमी की कमी बाल की चमक और जड़ों को कमजोर कर देती है। इसके लिए हफ्ते में दो बार गुनगुने तेल से बालों की मालिश करें। पांचों उंगलियों से स्कैल्प की हल्के-हल्के मालिश करने से फायदा होगा। इससे रक्त का संचार अच्छा होगा और दो मुंहे बालों की परेशानी कम होगी। बालों की मालिश के लिए तिल का तेल, नारियल का तेल, जैतून का तेल और बादाम के तेल का इस्तेमाल कर सकते हैं। दूसरा, रात को सोने से पहले बालों के निचले सिरे पर घी लगाने से आराम मिलेगा। इससे बालों के निचले हिस्से का रूखापन कम होता है, बालों को चमक मिलेगी और टूटे हुए बालों के निचले सिरे को पोषण मिलता है। तीसरा, कुछ हेयर मास्क भी दो मुंहे बालों की परेशानी से निजात दिलाने में मदद करते हैं। इसके लिए एलोवेरा, दही, मेथी पाउडर और आंवला का पेस्ट बनाकर बालों में लगाएं। 20 मिनट बालों को हल्के गुनगुने पानी से धो लें। हफ्ते में 1 बार इस पैक को जरूर लगाएं। ये बालों को घना करने के साथ-साथ ये दो मुंहे बालों को कम करने में मदद करता है।

## जहां आम लोग नहीं पहुंच पाते, वहां हमने की शूटिंग : अमृता खानविलकर

भारतीय ओटीटी इंडस्ट्री लगातार नए और दमदार कंटेंट के साथ दर्शकों को आकर्षित कर रही है। बड़े फिल्ममेकर्स अब वेब सीरीज के जरिए ऐसी कहानियां लेकर आ रहे हैं, जो पहले कभी पर्दे पर देखने को नहीं मिलीं। इसी कड़ी में मशहूर निर्देशक और निर्माता नीरज पांडे तस्करी नामक नई वेब सीरीज लेकर आ रहे हैं। इस सीरीज में बॉलीवुड अभिनेता इमरान हाशमी और लोकप्रिय अभिनेत्री अमृता खानविलकर अहम भूमिकाओं में हैं। यह वेब सीरीज नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। अमृता खानविलकर ने इस वेब सीरीज को लेकर अपनी खुशी और अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा, नीरज पांडे जैसे निर्देशक के साथ काम करना हमेशा खास होता है, क्योंकि उनकी कहानियां वास्तविक और जमीन से जुड़ी होती हैं। तस्करी की शूटिंग का अनुभव बेहद रोमांचक रहा, और इस सीरीज पर काम करते हुए मैंने हर पल कुछ नया सीखा। यह मेरे लिए एक यादगार अनुभव बन गया। अमृता ने कहा, सीरीज में किसी भी तरह के बनावटी सेट का इस्तेमाल नहीं किया गया, बल्कि वास्तविक जगहों पर शूटिंग हुई है ताकि कहानी ज्यादा सच्ची और प्रभावशाली लगे। शूटिंग के दौरान हमें ऐसी जगहों पर जाने का मौका मिला, जो आम लोगों के लिए पूरी तरह प्रतिबंधित हैं। अभिनेत्री ने कहा, एयरपोर्ट के भीतर के ऐसे हिस्सों में शूटिंग की गई, जहां आम यात्रियों की पहुंच नहीं होती। इसमें एयरपोर्ट के एयरपैड्स और अन्य प्रतिबंधित जोन शामिल थे। इन जगहों पर शूट करना आसान नहीं था। लेकिन, इससे सीरीज की प्रामाणिकता और भी बढ़ गई है। यह अनुभव मेरे करियर के सबसे यादगार पलों में से एक बन गया। इमरान हाशमी के साथ काम करने के अनुभव को लेकर भी अमृता ने खुलकर बात की। उन्होंने कहा, इमरान हाशमी एक बेहद सरल और विनम्र इंसान हैं। उनके साथ काम करना पेशेवर रूप से अच्छा तो था ही, व्यक्तिगत तौर पर भी काफी सहज और आनंददायक अनुभव रहा। अपने किरदार के बारे में बात करते हुए अमृता ने बताया कि तस्करी में उनका रोल एक एनर्जेटिक और थोड़ी गुस्सैल लड़की का है। यह किरदार भावनाओं और जोश से भरा हुआ है, जिसे पर्दे पर निभाना उनके लिए काफी मजेदार रहा। उन्होंने कहा, इस किरदार की पूरी यात्रा को जीना मेरे लिए एक चुनौती भी थी और एक सुखद अनुभव भी।



## जब आप डर की बजाय जीवन को चुनते हैं, सब कुछ बदल जाता है : कुब्रा सैत



अपने दस दिनों के ब्रह्मपुत्र राफ्टिंग के साहसिक अनुभवों से गुज़रकर कुब्रा सैत लौट चुकी हैं, लेकिन इस बार वे पूरी तरह एक नए दृष्टिकोण के साथ लौटी हैं, जिसमें उन्होंने डर की बजाय साहस को चुनने का संदेश दिया है. गौरतलब है कि फिल्म और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर अपनी दमदार और बहुमुखी अभिनय के लिए जानी जाने वाली कुब्रा सैत ने हमेशा खुद को एक ऐसे अभिनेता के रूप में स्थापित किया है, जो अपनी गहरी और सच्चाई से भरी परफॉर्मेंस के लिए प्रसिद्ध हैं। हालांकि स्क्रीन के साथ वे वास्तविक जीवन की चुनौतियों का सामना करना भी अच्छे से जानती हैं। फिलहाल अरुणाचल प्रदेश के सियांग नदी, जो ब्रह्मपुत्र की ऊपरी धारा है, पर 180 किलोमीटर की कठिन राफ्टिंग यात्रा पूरी करने के बाद वे काफी रोमांचित महसूस कर रही हैं। 12 दिनों में संपन्न हुई, जिसमें सात दिन लगातार राफ्टिंग थी। यह यात्रा अरुणाचल प्रदेश के सियांग जिले के दूरदराज इलाकों से होकर गुजरी, जहां मोबाइल नेटवर्क और आधुनिक सुविधाएं नहीं थीं। सियांग-ब्रह्मपुत्र नदी प्रणाली अपने चौड़े, तेज-बहाव वाले धाराओं और अप्रत्याशित रैपिड्स के लिए जानी जाती है, जो शारीरिक सहनशक्ति, तकनीकी कौशल और मानसिक ध्यान की आवश्यकता होती है। इस दौरान टीम ने नदी के किनारे कैंप लगाए और केवल बुनियादी सुविधाओं के साथ समय बिताया। अपनी यात्रा की झलकियां इंस्टाग्राम पर साझा करते हुए कुब्रा ने लिखा है, साहसिक यात्रा तब नहीं होती जब आप इसके बारे में सपना देखते हैं, बल्कि तब होती है जब आप अपने कैलेंडर पर एक तारीख चुनते हैं और उसे पूरा करने का संकल्प करते हैं। इस यात्रा ने मुझे यह याद दिलाया कि मैं साहस को क्यों चुनती हूं, इसलिए नहीं कि मैं निडर हूं, बल्कि इसलिए क्योंकि मैं डर को पार करना सीख रही हूं। जब आप जीवन को जीवन शक्ति के साथ चुनते हैं, तो सब कुछ बदल जाता है।

कुब्रा ने यह भी बताया कि इस अभियान के दौरान वे कई लोगों से मिली, लेकिन उन्हें सबसे ज़्यादा प्रभावित किया 19 वर्षीय तामार ने। तामार ने कुब्रा को उनके 19 वर्षीय सेल्फ से मिलवाया और याद दिलाया कि साहस क्या होता है, बजाय इसके कि दुनिया हमें संकोच सिखाए।

ब्रह्मपुत्र राफ्टिंग के अपने अनुभव में उन्होंने वहां के खुशनुमा मौसम का ज़िक्र करते हुए यह भी लिखा है कि शहरों के मुकाबले स्वच्छ वातावरण और पूरे चाँद ने उन्हें एक और नया नज़रिया दिया। वे लिखती हैं, यह वह सुविधाएँ हैं, जिनके सुखद अनुभव और उनके होने को हम भूल जाते हैं। फिलहाल दुनिया की चौथी सबसे बड़ी नदी ब्रह्मपुत्र को सियांग के माध्यम से 30 लोगों के साथ पार करना, यह वाकई शब्दों से परे एक अनुभव था।

कुब्रा ने राफ्टिंग के अपने अनुभव को आगे लिखा है, यह आखिरी वीडियो है जब हम 18 फीट की राफ्ट के साथ 30 फीट की लहरों को चीरते हुए राफ्टिंग कर रहे थे, वो भी बिल्कुल पागलपन के साथ, जहां उथल-पुथल भी थी और शांति भी। मैं समझती हूँ हर किसी को ऐसी एक साहसिक यात्रा जरूर करनी चाहिए। क्योंकि इसके बाद, जीवन धीरे-धीरे उस व्यक्ति में बदल जाता है जो आप होने के लिए बने हैं।

## अवतार: फायर एंड एश के साथ सिनेमाघरों में मिलेगा डबल तोहफा



जेम्स कैमरून की अवतार: फायर एंड एश 19 दिसंबर को दुनियाभर में रिलीज हो रही है। इस बहुप्रतीक्षित फिल्म का हर किसी को बेसब्री से इंतजार रहा है, जो कुछ ही घंटों में खत्म हो जाएगा। इस बीच पता चला है कि अवतार 3 देखने के लिए सिनेमाघर आने वाले दर्शकों को 2 और नायाब तोहफे मिलेंगे। निर्माताओं ने इसके लिए खास योजना बना ली है, जिसका पता चलने के बाद लोगों की खुशी सांतवें आसमान पर होगी।

रिपोर्ट के मुताबिक, अवतार: फायर एंड एश के साथ, हनुमान- द इटरनल की पहली झलक का दीदार कराया जाएगा। निर्माताओं ने फिल्म का टीजर अभी तक जारी नहीं किया है और अब यह सीधे बड़े पर्दे पर दस्तक देगा। फिल्म का निर्माण एआई के जरिए किया गया है, जो आकर्षक दृश्यों और भव्यता का दावा करती है। फरारी की सवारी वाले राजेश मापुस्कर ने फिल्म का निर्देशन किया है। इसे 2 अप्रैल, 2026 को रिलीज किया जाएगा।

नितेश तिवारी के निर्देशन में बनी रामायण: पार्ट 1 का पहला 3डी टीजर वीडियो जारी किए जाने की योजना है। रणबीर कपूर और साई पल्लवी अभिनीत यह पौराणिक फिल्म दिवाली, 2026 को रिलीज होने के लिए तैयार है। इसी साल जुलाई महीने में, निर्माताओं ने पहला टीजर वीडियो जारी किया था। अब इसे 3डी में अवतार: फायर एंड एश के साथ दिखाया जाएगा। 8 बार ऑस्कर जीत चुके विजुअल इफेक्ट्स स्टूडियो डीएनईजी ने प्रोमो के विजुअल्स तैयार कर लिए हैं।

## शब्द सामर्थ्य -263

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं :**

1. लज्जत, जायका 2. मुकाबला, भेंट, होड़ 5. बंदी, कैद की सजा पाने वाला व्यक्ति 7. खल-पात्र, नाटक फिल्म आदि का बुरा पात्र 9. कामी, व्याभिचारी 10. इज्जत जाना, बेइज्जती होना (उपमा) 11. ऊटपटांग, विचित्र, कठिन 13. वैभव, ठाट-बाट 14. साथ, सहित 15. कामदेव की पत्नी, प्रेम 16. मैं का बहुवचन 17. दरवाजे-दरवाजे 20. एक राशि, मगर 22. नमी, सीड़, मुहर, ठप्पा 23. औषधालय, चिकित्सालय।

**ऊपर से नीचे**

1. आत्मनिर्भर, स्वालंबन भावना से युक्त, स्वाश्रित 2. वर्ष, बरस 3. राजी करना, रूठे हुए को खुश करना, प्रसन्न करना 4. नाटक फिल्म आदि का मुख्यपात्र 6. दीवानगी, पागलपन, 7. दो वस्तुओं के टकराने से उत्पन्न ध्वनि, वैर-विरोध, अनबन 8. खीरे की प्रजाति का एक फल 11. बेवकूफ, मूर्ख 12. बादल, मेघ 13. बहुत चालाक, होशियार 14. जिसका मत दूसरे से मिलता हो, 15. दांत, दंत 18. प्राप्ति, वस्तु आदि मिलने का प्रमाण पत्र 19. दंगा-फसाद, उपद्रव विप्लव 21. बचाव, सुरक्षा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 262 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | ल | त | | | | खा | म | खाँ |
| णे | | ल | | झ | प | की | | |
| श | र | ब | त | | रं | | | मि |
| | ज | गा | ना | | प | रा | का | ष्ठा |
| | नी | र | | वि | रा | ज | मा | न |
| ना | च | | | प | | | य | |
| म | र | णा | स | न्न | | पा | नी | |
| ची | | | प | | पा | | | भो |
| न | ज | रा | ना | | स | मा | चा | र |

## तस्करी : द स्मगलर्स वेब का टीजर रिलीज, इंटरनेशनल स्मगलिंग नेटवर्क को खत्म करने के मिशन पर निकले इमरान हाशमी



बॉलीवुड अभिनेता इमरान हाशमी अपनी नई वेब सीरीज तस्करी: द स्मगलर्स वेब के साथ ओटीटी प्लेटफॉर्म पर लौट रहे हैं। मेकर्स ने इस सीरीज का आखिरकार टीजर रिलीज कर दिया है, जिसने दर्शकों में उत्सुकता बढ़ा दी है। सीरीज की कहानी, किरदार और सस्पेंस इस तरह से बुने गए हैं कि यह देखने में काफी रोमांचक लग रहा है। टीजर में साफ देखा जा सकता है कि यह कोई साधारण कहानी नहीं है, बल्कि एक हाई-प्रेशर माहौल की झलक देती है, जहां कानून और अपराध आमने-सामने खड़े हैं। टीजर के मुताबिक, फिल्म की कहानी एयरपोर्ट के कस्टम्स विभाग के इर्द-गिर्द घूमती है। यहां हर पैसेंजर, हर सूटकेस और हर दस्तावेज के पीछे रहस्य छुपे हो सकते हैं। इमरान हाशमी, सुपरिंटेंडेंट अर्जुन मीणा के किरदार में हैं, जो तेज-तर्रार अधिकारी हैं और अंतरराष्ट्रीय तस्करी के नेटवर्क पर अपनी पैनी नजर बनाए रखते हैं। उनका किरदार गंभीर और जिम्मेदारी से भरा है। टीजर की शुरुआत इमरान हाशमी के वॉयस ओवर से होती है, जिसमें वह कहते हैं, 2000 एकड़ में फैला मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट दुनिया के सबसे व्यस्त एयरपोर्ट्स में से एक है। सदियों से जहां-जहां ट्रैवलर और बिजनेस हुआ है, वहां तस्करी भी हुई है। तस्करी यानी स्मगलिंग... कुछ सालों से स्मगलर और हमारे बीच आंख-मिचौली का खेल चलता आ रहा है। कभी वो जीतते हैं, तो कभी हम। वह आगे कहते हैं, हम कौन? हम पूरी दुनिया के तस्करों का सबसे बुरा सपना हैं, सीमा शुल्क अधिकारी, यानी कस्टम ऑफिसर... अगर कस्टम को शक है, तो चेकिंग तो होगी।

टीजर में कई थ्रिलिंग और हाई-ऑक्टेन एक्शन सीक्वेंस दिखाए गए हैं। फिल्म के कुछ सीन कई अंतरराष्ट्रीय लोकेशन्स पर शूट किए गए हैं। इसके अलावा, कहानी में भावनात्मक और रणनीतिक मोड़ भी शामिल हैं।सीरीज में इमरान हाशमी के अलावा शरद केलकर, अमृता खानविलकर, नंदिश सिंह संधू, अनुराग सिन्हा और जोया अफरोज प्रमुख भूमिकाओं में हैं। शरद केलकर का किरदार कहानी में रहस्य और मोड़ लाता नजर आएगा, जबकि अन्य कलाकार अपने-अपने रोल में कहानी को मजबूती देने का काम करेंगे। इनके अलावा फ्रेडी दारूवाला, अनुजा साठे, जमील खान, वीरेंद्र सक्सेना और हेमंत खेर जैसे कलाकार भी सीरीज में हैं। सीरीज का निर्देशन राघव जयरथ ने किया है, जबकि प्रोड्यूसर नीरज पांडे हैं। नीरज पांडे पहले भी स्पेशल 26, ए वेडनसडे, और स्पेशल ऑप्स जैसी कहानियों के लिए जाने जाते रहे हैं। तस्करी: द स्मगलर्स वेब 14 जनवरी 2026 को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

# मोहनटोला राशन दुकान में 70 हितग्राहियों को नहीं मिला खाद्यान्न

**जनकपुर।** एमसीबी जिले के भरतपुर ब्लाक अंतर्गत मोहनटोला के शासकीय उचित मूल्य दुकान के संचालक ने 70 हितग्राहियों को अगस्त महीना का खाद्यान्न नहीं दिया। ग्रामीणों ने अपने हक हिस्से का खाद्यान्न के लिए चार महीना तक इंतजार करने के बाद थक हारकर भरतपुर एसडीएम कार्यालय में शिकायत पत्र देकर बताए कि मोहनटोला के शासकीय उचित मूल्य के संचालक द्वारा गांव के 70 हितग्राहियों के राशन कार्ड में खाद्यान्न दर्ज कर दिया है लेकिन खाद्यान्न नहीं दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि दुकान संचालक ने उन्हें गुमराह करते हुए अगस्त माह में हम हितग्राहियों के राशन कार्ड में खाद्यान्न दर्ज कर दिया और राशन किसी को नहीं दिया। विदित हो कि मोहनटोला ग्राम में कुल 315 राशन कार्ड हितग्राही हैं। उनमे से हम 70 कार्डधारियों को राशन नहीं मिला है। दुकान संचालक ने हम कार्ड धारियों को कहा था कि अगस्त माह का पूरा खाद्यान्न अभी नहीं आया है जैसे ही आ जाएगा सभी बचे हुए 70 हितग्राहियो को खाद्यान्न दे दिया जाएगा। लेकिन दुकान संचालक पिछले चार महीना से हम लोगों को बोला जा रहा है कि अभी तक अगस्त माह का खाद्यान्न नहीं आया है। लेकिन दुकान संचालक द्वारा हम लोगों को गुमराह करके राशन कार्ड में खाद्यान्न का वितरण दर्शाया गया पर दिया नहीं, जिससे हम लोग दुकान संचालक के धोखाधड़ी के शिकार हो गए है। ग्रामीण राजबहोर सिंह, कमलेश कुमार सिंह, गोपाल सिंह ने बताया कि अगस्त माह में 315 कार्डधारी में किसी को भी शक्कर नहीं मिला और 70 कार्डधारी को चावल भी नहीं मिला है। इसकी जानकारी पंचायत के जिम्मेदारों एवं खाद्य निरीक्षक को पूर्व में दिए थे, बावजूद इसके हम लोगों को माह अगस्त का खाद्यान्न नहीं मिला है। बल्कि दुकान संचालक हम लोगों को कभी 2 दिन बाद कभी 3 दिन बाद कहकर पिछले चार माह से घुमा रहा है।



## 35 वर्षीय किसान सुरेन्द्र ने किया धान विक्रय

**कोरिया।** जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के बीच आज पटना समिति में ग्राम मानपुर के 35 वर्षीय किसान श्री सुरेन्द कुमार साहू (पिता श्री धरमपाल साहू) ने धान विक्रय किया। उनके पास कुल 2.58 हेक्टेयर का पंजीकृत रकबा है। उन्होंने टोकन ऑनलाइन मोबाइल ऐप के माध्यम से टोकन प्राप्त कर उपार्जन केंद्र में पहुंचकर 130.40 क्विंटल धान की बिक्री पूरी की। धान विक्रय से प्राप्त राशि का उपयोग वे कर्ज भुगतान, खेती-बाड़ी, दैनिक आवश्यकताओं के लिए करेंगे। किसान सुरेन्द ने सरकार की व्यवस्था का सराहना करते हुए कहा कि उन्हें यहां किसी प्रकार की समस्या नहीं हुई है, उन्होंने कहा कि सभी किसान शासन की व्यवस्था से पूरी तरह से संतुष्ट है।

## कड़ाके की ठंड में बेजुबान गौवंश के लिए मानवीय पहल

**कोरिया बैकुंठपुर।** ठंड क्या होती है, यह अगर समझना हो तो उन बेजुबान और बेसहारा जीवों से पूछिए, जो इस कड़ाके की ठंड में बिना किसी शिकायत के पीड़ा सहते हैं। जैसे-जैसे तापमान गिर रहा है, आम इंसान के साथ-साथ पशु-पक्षियों, विशेषकर गौवंश को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ठंडी हवा, पाला और खुले आसमान के नीचे रहने की मजबूरी इनके जीवन को और अधिक कठिन बना देती है।



इसी गंभीर स्थिति को देखते हुए गौ रक्षक अनुराग दुबे के द्वारा एक सराहनीय पहल की गई है। ठंड से बचाव के उद्देश्य से घर की गौशाला एवं बाल मंदिर प्रांगण में, जहां निगरानी में गोवंश रहते हैं, उनके लिए अलाव जलाने की समुचित व्यवस्था की गई है। गौवंश को ठंड से राहत मिले, इसके लिए सुरक्षित स्थानों पर आग जलाकर उन्हें गर्माहट प्रदान की जा रही है। यह प्रयास न केवल संवेदनशीलता का परिचायक है, बल्कि समाज के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण भी है। गौवंश हमारी संस्कृति और आस्था का अभिन्न हिस्सा हैं। वे बोल नहीं सकते, अपनी पीड़ा व्यक्त नहीं कर सकते, इसलिए उनकी देखभाल करना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी बनती है। ठंड के मौसम में यदि थोड़ी-सी सावधानी और सहयोग किया जाए, तो इन बेजुबानों को बड़ी राहत मिल सकती है। तिरपाल, शेड या सेट के नीचे सुरक्षित रूप से अलाव की व्यवस्था कर उन्हें ठंड से बचाया जा सकता है। इस संबंध में गौ रक्षक अनुराग दुबे ने कहा कि सभी गोपालकों और गौसेवकों से हाथ जोड़कर सादर अनुरोध किया गया है कि वे अपनी-अपनी सुविधा अनुसार जहां भी गोपालन करते हैं, वहां गौवंश के लिए ठंड से बचाव के उपाय अवश्य करें। अलाव जलाने, सूखे बिछावन और हवा से बचाव की व्यवस्था कर हम इन बेजुबानों के प्रति अपनी संवेदनशीलता दिखा सकते हैं। यह छोटी-सी पहल किसी के लिए बड़ी राहत बन सकती है। आइए, इस ठंड में इंसानियत के साथ-साथ गौसेवा का भी धर्म निभाएं।

## ड्राई डे पर आबकारी विभाग ने जप्त किया एक्टिवा स्कूटी से 18 ली. अवैध शराब



**कोरिया बैकुंठपुर।** छत्तीसगढ़ शासन की आबकारी सचिव श्रीमती आर. शंगीता और कलेक्टर कोरिया श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी ने राजस्व वृद्धि हेतु अवैध मदिरा पर सख्त कार्यवाही करने निर्देशित किया है। शुष्क दिवस होने से अवैध मदिरा बिक्री रोकथाम हेतु जिला आबकारी अधिकारी के मार्गदर्शन में सघन गस्त हेतु टीम बनाकर कार्यवाही की गई। गुरूवार 18 दिसम्बर 2025 को फुलपुर चरचा मार्ग पर आबकारी अधिकारी द्वारा रोड़ चेकिंग में शिवमंगल पिता महादेव को एक्टीवा स्कूटी के डिक्की और झोला में 30 पाउच महुआ मदिरा लाते पकड़ा गया। मौके पर 18 ली. महुआ मदिरा के साथ एक्टीवा स्कूटी वाहन जप्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर सी.जे.एम न्यायालय बैकुण्ठपुर में 14 दिनों के न्यायिक रिमाण्ड़ पर जिला जेल भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्रीमति सपना सिन्हा, उप निरीक्षक रामस्नेही यादव, मुख्य आरक्षक बबुआ राम, आरक्षक नरेन्द्र राजवाडे और महिला सैनिक रोमा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# प्रशासन गाँव की ओर अभियान में जनसभागिता जरूरी-कलेक्टर

**कोरिया बैकुंठपुर।** भारत सरकार के सुशासन सप्ताह - प्रशासन गाँव की ओर अभियान के अंतर्गत जिले में 19 दिसंबर 2025 को नगर पंचायत पटना में विकासखण्ड स्तरीय विशेष शिविरों का आयोजन किया गया। यह शिविर सामाजिकारण, धरती आबा अभियान, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बाल विवाह प्रतिषेध, महिला सशक्तिकरण थीम पर आधारित रहा।



इस शिविर माध्यम से ग्रामीण आम नागरिकों की शिकायतों का त्वरित निराकरण किया गया तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ मौके पर ही उपलब्ध कराया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ जांच, आयुष विभाग द्वारा नि:शुल्क आयुष काढ़ा व दवाई वितरण किया गया। समाज कल्याण विभाग द्वारा 3 ट्रायसिकल, 1 व्हीलचेयर, 15 छड़ी जरूरतमंदों को वितरण किया गया। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 'धरती आबा' के तहत चयनित ग्रामों के 10 बच्चों जाति प्रमाण पत्र वितरण किया गया। पशु कल्याण विभाग द्वारा विभागीय जानकारी देते हुए दवाई वितरण की गई साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 5 गर्भवती महिलाओं का गोदभराई एवं बालविवाह मुक्त कराने के उद्देश्य से स्कूली बच्चों द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत की गई। कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने शिविर में लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि यह शासन की मात्वपूर्ण स्कीम है। इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण स्तरों की समस्याओं का तत्काल समाधान करना है। उन्होंने जिले को बाल विवाह मुक्त कराने के लिए लोगों जागरूक होने की बात कही, उन्होंने बच्चियों को पढ़ने पर जोर देते हुए कहा जो काम बेटा कर सकता वो बेटी भी कर सकती है। उन्होंने कहा सामाजिक उत्थान के लिए बेटियां को शिक्षित होना अति आवश्यक है। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने इस अभियान की जानकारी देते हुए कहा कि भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के जयंती के अवसर हम सब सुशासन सप्ताह हर साल मनाते है। इसका मुख्य उद्देश्य शासन और गांव के बीच जुड़ाव करना है। ताकि प्रशासन, लोगों के समस्या को समझकर तत्काल निराकरण कर सके। सामाजिक सुधार और बेटी बचाओ भी इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। शसक्त नारी से स्वस्थ परिवार की कल्पना किया जाता है अत: महिलाओं को पढ़ा लिखाकर उन्हें समाज में पहचान दिलाना है। इस शिविर में जिला पंचायत उपाध्यक्ष वंदना राजवाड़े, जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ खैरवार, नगर पंचायत पटना अध्यक्ष गायत्री सिंह, नगर पंचायत पटना अध्यक्ष गौरव अग्रवाल, संबंधित विभागीय अधिकारी कर्मचारी गण एवं नगर पंचायत पटना के पार्षदगण व भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## चौकी बसदेई पुलिस ने चोरी के 2 टन कोयला सहित एक को पकड़ा

**सूरजपुर।** डीआईजी व एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने पुलिस अधिकारियों को चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने, आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर पैनी नजर रखने एवं सूचना तंत्र को मजबूत करने के निर्देश दिए थे। इसी परिप्रेक्ष्य में दिनांक 18.12.2025 को चौकी बसदेई पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम कुसमुसी खालपारा के मनोज साहू अपने घर में अवैध पत्थर कोयला चोरी का रखा है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और उसके घर से 2 टन पत्थर कोयला कीमत करीब 10 हजार रूपये का पाया गया जो चोरी का होने की पूर्ण अंदेशा पर जप्त मनोज साहू पिता प्रहलाद उम्र 29 वर्ष ग्राम कुसमुसी, चौकी बसदेई के विरूद्ध धारा 35(1-घ)/303(2) बीएनएस के तहत कार्यवाही की गई। पूछताछ पर आरोपी ने बताया कि उक्त कोयला भास्करपारा ओपन कास्ट माईन्स से कोयला चोरी कर बिक्री करने हेतु लेकर आना बताया। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी बसदेई योगेन्द्र जायसवाल व उनकी टीम सक्रिय रही।

## नगदी रकम सहित 4 मोटर सायकल किया जप्त


**सूरजपुर।** डीआईजी व एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर जिले की पुलिस अवैध कार्यो के विरूद्ध सजगता से लगातार कार्यवाही करने में लगी हुई है। इसी क्रम में चौकी बसदेई पुलिस को 18.12.2025 को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम गंगोटी शिवपुर नदी के किनारे कुछ व्यक्ति हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे है। सूचना पर पुलिस टीम ने दबिश देकर 2 जुआड़ी दिनेश साहू उम्र 25 वर्ष व रामचरण सिंह उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम गंगोटी को जुआ खेलते रंगे हाथों पकड़ा, कुछ जुआड़ी पुलिस की आहट पाते ही भाग निकले। पुलिस ने जुआड़ियों व जुआ फड से 11 सौ रूपये नगदी एवं मौके से 2 लाख 50 हजार रूपये कीमत के 4 मोटर सायकल जप्त किया है। मामले में छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत कार्यवाही कर आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

## 80 लाख की नशीली खेप जब्त

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में नशे के बढ़ते कारोबार का एक और मामला सामने आया है। रेलवे स्टेशन क्षेत्र में पुलिस ने एक युवक को कोकीन के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 16.56 ग्राम कोकीन बरामद की गई है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 80 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार, गंज थाना क्षेत्र में मुखबिर से सूचना मिली थी कि स्टेशन के बाहर एक युवक नशीले पदार्थों की बिक्री के लिए मौजूद है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी और संदेही युवक को हिरासत में लेकर तलाशी ली।

# 38 दिनों के उपचार के बाद विधायक राजवाड़े अस्पताल से डिस्चार्ज

**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिले के बैकुंठपुर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक भैयालाल राजवाड़े 38 दिनों तक चले लंबे इलाज के बाद अब स्वस्थ होकर अस्पताल से डिस्चार्ज हो गए हैं। रायपुर स्थित आईटीएसए हॉस्पिटल में उपचार के पश्चात वे अपने धर्मपुरा स्थित निवास पहुंचे, जहां फिलहाल डॉक्टरों की सलाह पर विश्राम और फिजियोथेरेपी जारी रहेगी।



अपने स्वास्थ्य को लेकर भावुक संदेश साझा करते हुए विधायक राजवाड़े ने कहा कि यह समय उनके जीवन का सबसे कठिन दौर रहा। घर से दूर अस्पताल के कमरे में अकेलेपन की पीड़ा के बीच जब अपने क्षेत्र के शुभचिंतक, कार्यकर्ता और नागरिक उनसे मिलने पहुंचे, तो उनका मनोबल कई गुना बढ़ गया। उन्होंने कहा कि 'जब आप सभी को दरवाजे से अंदर आते देखा, तो ऐसा लगा कि दवाइयों से भी ज़्यादा आपके साथ ने मुझे ताक़त दी। विधायक ने कहा कि इस अनुभव ने उन्हें यह सिखाया कि रिश्ते केवल खून से नहीं, बल्कि एहसास और अपनत्व से बनते हैं। क्षेत्र की जनता ही उनकी सबसे बड़ी शक्ति है और यही कारण है कि वे आज पहले से कहीं अधिक स्वस्थ और आत्मविश्वास से भरे हुए हैं। उन्होंने बताया कि डॉक्टरों ने उन्हें अगले 10 दिनों तक रायपुर में रहकर फिजियोथेरेपी कराने की सलाह दी है, जिसके बाद वे पूरी तरह स्वस्थ होकर पुन: जनसेवा में सक्रिय होंगे। राजवाड़े ने उन सभी लोगों का हृदय से आभार व्यक्त किया जिन्होंने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की, दुआएं कीं और लगातार उनका हालचाल लेते रहे। उन्होंने कहा कि जनता का प्रेम, आशीर्वाद और विश्वास ही उनके जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। इस अवसर पर विधायक ने आईटीएसए हॉस्पिटल के संपूर्ण चिकित्सकीय एवं नर्सिंग स्टाफ का भी विशेष रूप से धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों, नर्सों और कर्मचारियों की अथक मेहनत, समर्पण और संवेदनशील देखभाल के कारण ही आज वे स्वयं को स्वस्थ महसूस कर पा रहे हैं। उन्होंने हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. राजकुमार बरनवाल, सुनील बलानी एवं डॉ. सचिन का विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन सभी के मार्गदर्शन और इलाज ने उन्हें नया जीवन दिया है। साथ ही अस्पताल के प्रत्येक कर्मचारी की सेवाओं को उन्होंने सराहनीय बताया। विधायक राजवाड़े ने विश्वास दिलाया कि कुछ ही दिनों में पूर्ण रूप से स्वस्थ होकर वे पुन: अपने क्षेत्रवासियों के बीच उपस्थित रहेंगे और पहले से अधिक ऊर्जा और संकल्प के साथ जनता की सेवा में जुटेंगे। उनके स्वास्थ्य में सुधार की खबर से समर्थकों और क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है और सभी उनके शीघ्र स्वस्थ होकर सक्रिय राजनीति में लौटने की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

## मोबाइल ऐप से टोकन की प्रक्रिया रही सहज

**कोरिया।** जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के बीच आज पटना समिति में नगर पंचायत पटना के 40 वर्षीय किसान चन्द्रनारायण सिंह पिता श्री अशोक सिंह ने धान विक्रय किया। उनके पास कुल 10.30 हेक्टेयर का पंजीकृत रकबा है। उन्होंने टोकन ऑनलाइन मोबाइल ऐप के माध्यम से सहजता से टोकन प्राप्त कर उपार्जन केंद्र में पहुंचकर 180 क्विंटल धान की बिक्री पूरी की। धान विक्रय से प्राप्त राशि का उपयोग वे कर्ज भुगतान, खेती-बाड़ी, दैनिक आवश्यकताओं के लिए करेंगे। किसान चन्द्रनारायण सिंह ने सरकार की व्यवस्था का सराहना करते हुए कहा कि उन्हें यहां किसी प्रकार की समस्या नहीं हुई है, उन्होंने कहा कि सभी किसान शासन की व्यवस्था से पूरी तरह से संतुष्ट है ।

## किसान प्राण सिंह ने किया धान विक्रय

**कोरिया।** जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के बीच आज पटना समिति में ग्राम पीपरडांड़ के 73 वर्षीय किसान प्राण सिंह ने अपनी पत्नि श्रीमती बुधियारों बाई के नाम से धान विक्रय किया। उनके पास कुल 1.34 हेक्टेयर का पंजीकृत रकबा है। उन्होंने टोकन ऑनलाइन मोबाइल ऐप के माध्यम से सहजता से टोकन प्राप्त कर उपार्जन केंद्र में पहुंचकर 60 क्विंटल धान की बिक्री पूरी की। धान विक्रय से प्राप्त राशि का उपयोग वे कर्ज भुगतान, खेती-बाड़ी, दैनिक आवश्यकताओं के लिए करेंगे। किसान प्राण सिंह ने सरकार की व्यवस्था का सराहना करते हुए कहा कि उन्हें यहां किसी प्रकार की समस्या नहीं हुई है, उन्होंने कहा कि सभी किसान शासन की व्यवस्था से पूरी तरह से संतुष्ट है।

## रेलवे विभाग के मालगाड़ी से चावल चोरी मामले में पुलिस ने 2 लोगों से 10 हजार रूपये का चावल किया जप्त

**सूरजपुर।** डीआईजी व एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने पुलिस अधिकारियों को चोरी नकबजनी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए थे। दिनांक 18.12.2025 को चौकी बसदेई पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम झांसी का दमोदर राव एवं उंचडीह के दिनेश विश्वकर्मा दोनों अवैध रूप से रेलवे विभाग के मालगाड़ी से चावल चोरी कर बिक्री करने हेतु उंचडीह रेलवे फाटक के पास ग्राहक की तलाश कर रहे है। सूचना पर पुलिस टीम ने दबिश देकर दमोदर राव पिता स्व. सुन्दर राव उम्र 28 वर्ष ग्राम झांसी एवं दिनेश विश्वकर्मा पिता सुरेन्द्र विश्वकर्मा उम्र 28 वर्ष निवासी उंचडीह को पकड़ा। पूछताछ पर दोनों ने बताया कि रेलवे विभाग के मालगाड़ी से चावल चोरी कर बिक्री करने हेतु लेकर आना बताया जिनके कब्जे से 4 क्विंटल चावल कीमत करीब 10 हजार रूपये का जप्त कर दोनों के विरूद्ध धारा 35(1-घ)/303(2) बीएनएस के तहत कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी बसदेई योगेन्द्र जायसवाल व उनकी टीम सक्रिय रही।

# साक्षी को जिला महामंत्री पद का महत्वपूर्ण दायित्व

**चरचा कालरी।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय एवं भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा की सहमति से भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा छत्तीसगढ़ के जिलाध्यक्ष एवं महामंत्री पदों की घोषणा की गई। जिसमें नगर पालिका शिवपुर चर्चा की कुमारी साक्षी सिंह को जिला महामंत्री का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। नियुक्त के प्रति साक्षी सिंह ने प्रदेश नेतृत्व एवं भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने मुझ पर जो विश्वास जताया है, उसके लिए मैं सदैव कृतज्ञ रहूंगी।



यह दायित्व मेरे लिए केवल पद नहीं, बल्कि संगठन, विचारधारा और कार्यकर्ताओं की अपेक्षाओं को पूरा करने का संकल्प है। मैं इसे पूरी निष्ठा, ईमानदारी, परिश्रम और समर्पण भाव से निभाते हुए युवाओं को संगठन से जोड़ने तथा भाजपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर सक्रिय रहूंगी। नव-नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए नगर पालिका अध्यक्ष शिवपुर-चरचा अरुण जायसवाल ने कहा कि भाजपा युवा मोर्चा संगठन की ऊर्जा और भविष्य है। नई टीम से संगठन को नई दिशा, गति और मजबूती मिलेगी, जिससे क्षेत्र में भाजपा और अधिक सशक्त होगी। पालिका क्षेत्र की वरिष्ठ मुखर भाजपा नेत्री प्रियंका सिंह ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दायित्व संगठन के प्रति निरंतर सक्रियता, निष्ठा और कर्मठता का परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि नई जिम्मेदारी के साथ युवा मोर्चा सामाजिक व संगठनात्मक गतिविधियों में और प्रभावी भूमिका निभाएगा।नगर पालिका शिवपुर-चरचा के उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने भी बधाई देते हुए कहा कि भाजपा युवा मोर्चा समाज में सकारात्मक परिवर्तन की मजबूत कड़ी है। युवाओं को राष्ट्र निर्माण, सेवा और संगठनात्मक अनुशासन की ओर प्रेरित करने में युवा मोर्चा की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि साक्षी सिंह संगठन की विचारधारा को मजबूती से आगे बढ़ाएगी और जनसेवा के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाएगी। शिवपुर चर्चा भाजपा के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने भी साक्षी सिंह को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए संगठन हित में एकजुट होकर कार्य करने का संदेश दिया।

## किसान महेन्द्र ने किया धान विक्रय

**कोरिया।** जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के बीच आज पटना समिति में ग्राम पीपरडांड़ के 39 वर्षीय किसान श्री महेन्द सिंह (पिता श्री शिवमंगल सिंह) ने धान विक्रय किया। उनके पास कुल 4.67 हेक्टेयर का पंजीकृत रकबा है। उन्होंने टोकन ऑनलाइन मोबाइल ऐप के माध्यम से टोकन प्राप्त कर उपार्जन केंद्र में पहुंचकर 140 क्विंटल धान की बिक्री पूरी की। धान विक्रय से प्राप्त राशि का उपयोग वे कर्ज भुगतान, खेती-बाड़ी, दैनिक आवश्यकताओं के लिए करेंगे। किसान महेन्द ने सरकार की व्यवस्था का सराहना करते हुए कहा कि उन्हें यहां किसी प्रकार की समस्या नहीं हुई है, उन्होंने कहा कि सभी किसान शासन की व्यवस्था से पूरी तरह से संतुष्ट है।

## अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में पुलिस ने अवैध शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पप्पन साहू पिता साजन साहू उम्र 27 वर्ष सा. सुभाष नगर देवारपारा थाना तेलीबांधा रायपुर निवासी है। जिसके पास से 35 पौवा देशी मसाला मदिरा शेरा किमती 3500 रू है। विवरण-इस प्रकार है कि जरिये मुखबीर मिली सूचना के आधार पर कांशीराम नगर मुक्तिधाम के पास रेड कार्यवाही एवं घेराबंदी कर संदेही युवक को पकडा गया, आरोपी युवक के कब्जे में एक प्लास्टिक की बोरी में 35 पौवा देशी मशाला मदिरा ब्राण्ड शेरा किमती 3500 रू मिलने पर जप्तकर आरोपी का कृत्य अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पाए जाने से आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया है।

# प्रथम दिवस में पल्स पोलियो ड्रॉप पिलाने 80 प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित करे-कलेक्टर

**कोरिया।** कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ प्रशांत सिंह के द्वारा 'पल्स पोलियो अभियान' के तहत कार्ययोजना की जानकारी दी गई। बैठक में राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस (एन आई डी) 'पल्स पोलियो अभियान' में सभी जीरो से पांच वर्ष के बच्चों को 21 दिसम्बर से 23 दिसम्बर 2025 तक पल्स पोलियो का ड्रॉप पिलाया जाएगा। प्रथम दिवस में सुबह 8.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक बच्चों को पोलियो बूथ में पोलियो की ड्रॉप्स पिलाया जाएगा। द्वितीय और तृतीय दिवस (22 व 23 दिसम्बर तक) घर-घर जाकर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाया जाएगा। बैठक उपरांत कलेक्ट्रेट परिसर से पोलियो जागरूकता रथ को कलेक्टर श्रीमती चन्दन तत्रिपाठी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष श्री मोहित पैकरा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह जागरूकता रथ जिले के पहुंच विहीन क्षेत्रों में जाकर लोगों को जागरूक करने व प्रचार करने का कार्य करेगा। जिले में विशेष रुप से बाहर जाने वाले बच्चों व बाहर से आने वालों बच्चो का विशेष ध्यान रखा जाएगा, इसके लिए हाट बाजार, रेलवे स्टेशन, बस स्टेण्ड, ईंट-भट्ठा में काम करने वालों के बच्चे, झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले, शहरी स्लम एरिया (क्षेत्रों ) में विशेष ध्यान दिया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिटपति ने निर्देश देते हुए कहा को प्रथम दिवस में 80 प्रतिक्षण पोलियो ड्रॉप पिलाना सुनिश्चित करेंगे। लोगों के सुविधा के लिए ट्रांजिट टीम के सदस्य द्वारा दायित्व का निर्वहन अच्छे से करेंगे। ग्रामीण पहुंच विहीन क्षेत्रों के लिए पूरी व्यवस्था सुनिश्चित करें। 'पल्स पोलियो अभियान' का सुचारू रूप से क्रियान्वयन हेतु माइक्रोप्लान बनाकर शत-प्रतिशत करें। इसके लिए जिले में जिला स्तर पर और विकासखंड स्तर पर टीम गठित कर मानीटरिंग करें। बूथ लेवल पर बस स्टैंड, टोल टैक्स, रेलवे स्टेशन, बाजार आदि स्थानों पर प्रचार प्रसार के बेनर-पोस्टर एवं प्रचार सामग्री उपलब्ध हो, गांवो में मुनियादी कराएं एवं लाउडस्पीकर के माध्यम से लोगों को सूचित करेंगे। पोलियो वाइल्ड वायरस के प्रसार को रोकने हेतु गठित इमरजेंसी प्रिपेयर्डनेस तथा रेपिड रिस्पांस टीम का उन्मुखीकरण करें, साथ ही ए.ई.एफ.आई. (विशेष जोखिम परिस्थिति) के लिए कीट उपलब्ध रहे। कलेक्टर ने स्वास्थ विभाग के टीम को 8रू00 बजे से अभियान आरंभ कर संध्या 5रू00 बजे तक अभियान का संचालन होना चाहिए। कलेक्टर ने निर्देश देते हुए कहा कि इस अभियान में किसी प्रकार लापरवाही नहीं होनी चाहिए। पोलियो बूथ का संचालन निर्धारित समयावधि के पूर्व बन्द नहीं किया जाना है। अभियान में वैक्सीन की गुणवत्ता को बनाए रख कार्यों का संपादन सुचारू रूप से किया जाना है। बैठक में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ प्रशांत सिंह, जिला अस्पताल सिविल सर्जन सह मुख्य अधीक्षक डॉ आयुष जायसवाल, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग, विकासखण्ड चिकित्साधिकारी - बैकुंठपुर, सोनहत, बचरापोडी, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक बैकुंठपुर, सोनहत, बचरापोडी, समस्त बी ल.ई.टी.ओ. विकासखंड बैकुंठपुर, सोनहत, बचरापोडी एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी - कर्मचारी शामिल रहे।



## अवैध मसाला शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** रायपुर के तेलीबांधा इलाके में अवैध मसाला शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी का नाम सुनील निषाद पिता जगमोहन निषाद उम्र 33 वर्ष साकिन लाभाण्डी स्टार चौक के पास थाना तेलीबांधा जिला रायपुर छ.ग.है। जप्ती 30 पौवा देशी मसाला मदिरा शेरा किमती 3000 रू हैं।

मुखबीर मिली सूचना के आधार पर आबकारी भवन सूरज नगर रोड के पास लाभाण्डी में रेड कार्यवाही एवं घेराबंदी कर संदेही युवक को पकडा गया, आरोपी युवक के कब्जे में रखे लाल रंग के थैला की तलाशी लेने पर थैला के अन्दर 30 पौवा देशी मशाला मदिरा ब्राण्ड शेरा किमती 3000 रू मिलने पर जप्तकर आरोपी का कृत्य अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पाए जाने से आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया है।

# प्रताड़ित होकर पत्नी गई बुआ के घर नाराज पति ने बेटी से किया दुष्कर्म

## पुलिस ने पास्को एक्ट में मामला दर्ज कर किया गिरफ्तार

**कोरबा।** महिला वर्ग के साथ हो रही हिंसक घटनाओं पर रोकथाम करने के लिए सरकार ने नियमों को कड़ा किया है और सजा को भी सख्त किया है, ताकि अपराधों की रोकथाम हो सके। इन सबके बावजूद कई मामलों में ऐसा लग रहा है कि मानसिकता में बहुत ज्यादा सुधार नहीं हो सका है। पसान क्षेत्र के एक गांव में पति ने अपनी पत्नी को प्रताड़ित कर बुआ के घर जाने को मजबूर कर दिया। नाराजगी जताने पति ने अपनी ही बेटी से दुष्कर्म कर डाला। पुलिस ने उसे पास्को एक्ट में गिरफ्तार किया है।



जिले के सीमांत क्षेत्र पसान के एक गांव में हुई इस घटना ने पुलिस के साथ-साथ जन सामान्य को सोचने के लिए मजबूर कर दिया। अब इस मामले में परिजनों सहित आसपास के लोग आरोपी को फांसी की सजा देने की मांग कर रहे हैं। खबर के अनुसार आरोपी के द्वारा कुछ समय से पत्नी पर जबरन शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बना रहा था। उसके इनकार करने पर पति ने उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। आए दिन मारपीट करने से महिला परेशान हो गई। घर का माहौल खराब होने और अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित पत्नी ने अपने बुआ के घर जाना उचित समझा। इसका दुष्परिणाम यह हुआ कि पति ने मानसिक कुंठा के चक्कर में बदले की भावना से ऐसा कुछ कर डाला जिसके साथ सामाजिक मर्यादाएं तार-तार हो गई। जानकारी मिली कि पत्नी की अनुपस्थिति में आरोपी ने नाबालिग बेटी से दुष्कर्म कर डाला। यह सब हाल में ही हुआ। पिता के वहशीपन के चक्कर में पीड़िता कुछ देर चिल्लाने के बाद शांत हो गई। उसने यहां-वहां जानकारी को साझा करने से होने वाले नुकसान को ध्यान में रखा और घटना की रात ही फोन के माध्यम से अपनी मां को पूरी आपबीती बताई। बेटी की बात सुनकर घबराई हुई मां अगले ही दिन सुबह गांव लौटी। उसने अपनी बेटी को लेकर पसान थाना पहुंची, जहां उसने पूरे मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई।

पसान थाना प्रभारी एसके विश्वकर्मा ने बताया कि महिला संबंधी अपराध को गंभीरता से लिया गया। इसलिए पुलिस ने पॉक्सो एक्ट समेत संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है और उसे न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया जारी है।

### लोगों ने की फांसी की सजा की मांग

नाबालिग से दुष्कर्म करने का यह मामला इसलिए और ज्यादा गंभीर है क्योंकि उसमें पिता ही आरोपी है। क्षेत्र में इसे लेकर आक्रोश की स्थिति है, लोगों ने फांसी की मांग की है। वहीं पुलिस प्रशासन ने पीड़िता बच्ची को हर संभव सहायता और सुरक्षा देने का भरोसा दिलाया है। पीड़िता का मेडिकल परीक्षण व काउंसलिंग भी कराई जा रही है।

## जुआ अड्डे पर कार्रवाई, थाना प्रभारी निलंबित

**कोरबा।** पुलिस की टीमों ने भेलवाटार करतला जंगल में चल रहे जुए के ठिकाने पर रेड की। मौके से 20 लोग जुआ खेलते मिले। यहां से एक कार 35 मोबाइल और ढाई लाख रुपए नगद मिले। कार्रवाई करने वाली टीम में उरगा और रजगामार के पुलिस कर्मी व साइबर सेल को शामिल किया गया। रिपोटिंग के आधार पर एसपी ने थाना प्रभारी करतला के.के.वर्मा को निलंबित कर लाइन अटैच किया है। पत्र में कहा गया कि यह मामला कर्तव्य में लापरवाही को दर्शाता है। करतला थाना में फिलहाल नए प्रभारी की पदस्थापना नहीं की गई है। कुछ महीने पहले ही इस तरह का एक मामला पाली थाना के लाफा जंगल में सामने आया था। जहां पर बिलासपुर और जीपीएम जिले के जुआरी अपनी फड़ जमा रहे थे। मौके पर कटघोरा थाना प्रभारी धर्म नारायण तिवारी और टीम ने कार्रवाई की थी। हालांकि मामले में कुछ बदलाव हुआ नहीं।

***कोरबा।** मसीही समुदाय ने क्रिसमस के उपलक्ष्य में पिछली शाम मेनोनाइट चर्चा से ओपन थिएटर तक क्रिसमस कार्निवाल निकाला। इसमें काफी संख्या में लोग शामिल हुए।

# केंदई रेंज के फुलसर कोरबी में हाथी ने मकान को तोड़ा

## बाल-बाल बची महिला एक युवक घायल



**कोरबा।** कटघोरा वनमंडल के केंदई, रेंज अंतर्गत आने वाले ग्राम फुलसर, में अचानक एक हाथी के आ जाने से क्षेत्र में फिर ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है,19 दिसंबर के सुबह लगभग साढ़े चार बजे एक दतैल हाथी ने फुलसर निवासी रविंद्रा सिंह नेटी, के कच्चे के दिवाल को तोड़ दिया जिससे घर में सो रही 75 वर्षीय राज कुंवर पिता दादू राम गोंड एवं 21 वर्षीय अमन कुमार पिता दल प्रताप के उपर दिवाल का हिस्सा गिर जाने से वह घायल हो गया, हाथी के आने की आवाज सुन कर मकान मालिक रविन्द्रा सिंह, दहशत में आकर आवाज लगाने लगा तब आस पास के लोग जुट गए तब जाकर हाथी ने जंगल की ओर रुख किया, उसके बाद ही परिवार राहत की सांस ली।

इस संबंध में रविंद्रा सिंह, ने बताया कि उन्हें हाथी के आने की कोई जानकारी नहीं थी ना ही गजराज दल के द्वारा किसी प्रकार की गांव में मुनादी कराई थी,



अचानक हाथी के आक्रमण से रविंद्रा सिंह, ने बताया कि उसके रिश्ते में लगने वाले भांजे अमन कुमार, के उपर दिवाल के हिस्से गिरने से वह बुरी तरह घायल हो गया उसे इलाज के लिए कोरबी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, और बगल में सो रही 75 वर्षीय वृद्ध महिला राज कुंवर,इस घटने से बाल बाल बच गई,घर में रखे कम्प्यूटर सेट,डबल बैड, अन्य किमती सामान टुट कर तहस नहस हो गए, घटना की सुचना स्थानीय वन विभाग को दी गई है।

इस बीच खतरनाक लोनर कोरबा वनमंडल में बालको रेंज के बेला व केशलपुर गांव के बीच विचरण कर रहा है। लोनर को आज सुबह यहां पर देखा गया। उसके बाद वन विभाग ने आसपास के गांवों में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क कर दिया है। खतरनाक लोनर के क्षेत्र में विचरण करने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। वन विभाग द्वारा उसकी लगातार निगरानी की जा रही है। लोनर हाथी ने कल रेंज में एक ग्रामीण पर हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया था। लोनर ने यहां पहुंचने से पहले रात में उत्पात मचाते हुए भटगांव में तीन ग्रामीणों के कोठार में रखे धान को चट कर दिया।

# आंतरिक सुरक्षा सहित कई राष्ट्रीय मुद्दों पर संवाद करेंगे पुष्पेंद्र



**कोरबा।** राष्ट्रवादी विचार मंच ने 22 फरवरी को दीनदयाल उपाध्याय सांस्कृतिक भवन में राष्ट्रवाद संगोष्ठी का आयोजन किया है। जाने माने पत्रकार और सामाजिक कार्यकर्ता पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ इसमें आमंत्रित हैं। वे शाम 4 बजे से देश के ज्वलंत मुद्दों के बारे में प्रबुद्ध वर्ग से संवाद करेंगे।

राष्ट्रवादी विचार मंच के प्रतिनिधि आशीष गोयल, हितानंद अग्रवाल, ऋतु चौरसिया, नीतिश डालमिया, गौरव मोदी, नीतिन गुप्ता एवं दीपक मित्तल ने आज इस कार्यक्रम को लेकर प्रेस कांफ्रेंस की। उन्होंने बताया कि लंबे समय से कुलश्रेष्ठ देश से जुड़े मुद्दों पर सक्रियता से काम कर रहे हैं। उन्होंने अपनी वैचारिक क्षमता से देश और इसके बाहर लोगों तक तथ्यात्मक जानकारी पहुंचाई है। उन्होंने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (रू) से राजनीति विज्ञान में स्नातक और पत्रकारिता में पोस्ट ग्रेजुएशन डिप्लोमा किया। पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ का पत्रकारिता करियर लगभग 25-30 वर्षों का रहा है, जिसमें उन्होंने कई बड़े मीडिया सस्थानों के साथ काम किया। वे प्रेस क्लब ऑफ इंडिया के लगातार तीन बार (कुल 4 साल) महासचिव भी रहे हैं, जो एक रिकॉर्ड माना जाता है। पत्रकारिता से इस्तीफा देने के बाद, वे एक सार्वजनिक वक्ता के रूप में उभरे। उन्होंने अनुच्छेद 370 और 35 इन संवैधानिक प्रावधानों के खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ी और जन जागरूकता फैलाई।

उन्होंने 'वी जी सिटीजन्स' नामक एक एनजीओ की स्थापना भी की। वे अक्सर भारतीय इतिहास के 'विकृत' स्वरूप पर बात करते हैं और सनातनी मूल्यों की पुनर्स्थापना पर जोर देते हैं। कोरबा प्रवास के दौरान वे ना केवल अपना व्याख्यान देंगे, बल्कि उपस्थित जनसमूह के साथ प्रश्न उत्तर के माध्यम से संवाद भी करेंगे।

# एसईसीएल अस्पताल में गैर कर्मियों व सिविलियन को उपचार नहीं

## आखिर कहां गए सामाजिक सरोकार के दावे

-स्थानीय संवाददाता-

**कोरबा/बांकीमोंगरा।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड जैसी कंपनी लगातार कर्मचारी कल्याण के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्व के बड़े-बड़े दावे करती है लेकिन वास्तविकता से इसका लेना-देना नहीं है। सुराकछार, बलगी, बांकी उपक्षेत्र के अंतर्गत संचालित एसईसीएल के विभागीय अस्पताल में कर्मचारियों को उपचार तो मिल रहा है लेकिन गैर कर्मियों व आसपास के लोगों को उपचार देने में अस्पताल इंचार्ज आनाकानी कर रहे हैं। उपक्षेत्रीय प्रबंधन को इस मामले से अवगत कराया गया है।

कोरबा एरिया के अंतर्गत यह अस्पताल आता है। कोल इंडिया जैसी महारत्न कंपनी ने अपनी लाभकारी इकाई एसईसीएल और इसके महत्वपूर्ण हिस्से कोरबा के मामले में लगातार उदारता दिखाई है लेकिन पता नहीं क्या समझकर सुराकछार, बलगी, बांकी उपक्षेत्र में स्वास्थ्य की बुनियादी सुविधा आम लोगों और गैर एसईसीएल कर्मियों को देने में उदासीनता दिखाई जा रही है। काफी समय से यह मामला यहां पर बना हुआ है, इससे लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। खबर के अनुसार बांकी अस्पताल में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। इसकी जानकारी प्रबंधन को है लेकिन निराकरण करने पर ध्यान नहीं है।



### अश्वनी ने कहा- स्वास्थ्य सुविधा की जाए बेहतर



नगर पालिका बांकीमोंगरा के पार्षद अश्वनी मिश्रा ने जन भावनाओं से जुड़े इस मुद्दे पर उपक्षेत्रीय प्रबंधन को शिकायत की है। बताया गया कि इस विभागीय अस्पताल में लोगों को प्राथमिक उपचार नहीं मिल पा रहा है। ऐसे लोगों को दो हजार रुपए कहीं से भी लाकर जमा करने को कहा जाता है। इस राशि के अभाव में उन्हें उपचार की सुविधा नहीं मिल पाती है, जबकि मरीजों की प्राण रक्षा को पहला धर्म कहा गया है और सरकार भी इस तरफ जोर दे रही है। पार्षद ने कहा कि सरकार ने गोल्डन ऑवर इसी इरादे से बनाए हैं ताकि जान बच सके। इसके बावजूद इधर ध्यान नहीं है। सबसे हैरानी की बात यह है कि इस अस्पताल में एक्स-रे चार्ज लेने के बावजूद मरीजों की जांच के प्रकरण में उन्हें एक्स-रे फिल्म देने के बजाय वाट्सऐप पर स्क्रीन शार्ट भेजा जा रहा है। सवाल उठ रहे हैं कि आखिर सेवाओं में सुधार कब होगा?

### आईपीडी मामलों में शुल्क लेने का प्रावधान

अस्पताल प्रभारी डॉ अजय कुमार ने बताया कि सामान्य प्रकरणों में मरीज को ओपीडी से संबंधित सेवाएं निशुल्क दी जा रही है। जहां तक एडमिट के मामले हैं उनमें पीएसयू की गाइडलाइन के हिसाब से चार्ज किया जा रहा है। इसमें बेड चार्ज से लेकर नर्सिंग व मेडिसिन के चार्ज को शामिल किया गया है। वास्तविकता यह है कि अस्पताल में एक्स-रे फिल्म की शॉर्टेज है इसलिए बहुत ज्यादा आवश्यकता वाले प्रकरण जिनमे एमएलसी भी शामिल है, मैं ही संबंधितों को एक्सरे फिल्म प्रोवाइड की जा रही है। हमारी कोशिश है कि आयुष्मान की सुविधा के तहत जल्द लोगों को लाभ दिया जाए।

**शराब की अवैध बिक्री की सूचना पर गई थी छापा मारने**

# आबकारी विभाग की टीम को ग्रामीणों ने बनाया बंधक

**कोरबा।** उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत भैसमा के पहरीपारा में कार्रवाई के दौरान आबकारी विभाग की टीम पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। इस घटना में टीम प्रभारी अधिकारी को करीब ढाई घंटे तक बंधक बनाए रखा गया, जबकि मुखबिर और वाहन चालक के साथ जमकर मारपीट की गई।

जानकारी के अनुसार आबकारी विभाग की टीम अधिकारी नारायण सिंह कंवर के नेतृत्व में गांव में कार्रवाई करने पहुंची थी। टीम में दो वर्दीधारी कर्मचारी, एक मुखबिर और एक चालक शामिल थे। कार्रवाई के दौरान ग्रामीणों से विवाद हो गया, जिसके बाद स्थिति बिगड़ गई। ग्रामीणों ने टीम प्रभारी नारायण सिंह कंवर को पकड़ लिया और उन्हें बंधक बना लिया, जबकि मुखबिर पताड़ी निवासी प्रमोद देवांगन और स्कॉर्पियो वाहन के चालक के साथ मारपीट की गई।

हालात बिगड़ते देख टीम के अन्य सदस्य किसी तरह जान बचाकर मौके से निकलने में सफल रहे और उच्च अधिकारियों को घटना की सूचना दी। तत्काल 112 पर कॉल किया गया, लेकिन ग्रामीणों के भारी विरोध के चलते पुलिस सहायता वाहन को वापस लौटना पड़ा।बाद में उरगा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और टीम प्रभारी नारायण सिंह कंवर को ग्रामीणों के चंगुल से मुक्त कराया। इसके बाद आबकारी विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारी उरगा थाना पहुंचे, जहां घटना की लिखित शिकायत दर्ज कराई गई।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि मुखबिर प्रमोद देवांगन केवल सूचना देने तक सीमित नहीं है, बल्कि अवैध वसूली भी करता है, जिससे वे आक्रोशित थे। मारपीट के दौरान आबकारी विभाग के वाहन में भी तोड़फोड़ की गई है। आबकारी अधिकारी आशा सिंह ने बताया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल पुलिस में शिकायत दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, कोरबा सीएसपी भूषण एक्का ने पुष्टि की कि आबकारी विभाग की ओर से मारपीट की शिकायत दी जा रही है और शिकायत मिलने के बाद मामले में आगे की विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## प्रताप गौरव सम्मान समारोह कल

**कोरबा।** प्रताप फाउंडेशन द्वारा 21 दिसंबर को गीतांजलि भवन कोरबा में प्रताप गौरव सम्मान समारोह 2025 का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ खनिज निगम आयोग के अध्यक्ष सौरभ सिंह शामिल होंगे जबकि अध्यक्षता महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत करेंगी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सभापति नूतन सिंह ठाकुर, नगर निगम भिलाई के उपनेता प्रतिपक्ष दया सिंह, थाना प्रभारी बालको अभिनवकांत सिंह, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. सुरजीत सिंह एवं संदीप सिंह उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम दोपहर 12 बजे शुरू होगा।

# और लुढ़का पारा, सब तरफ अलाव के भरोसे लोग

**कोरबा।** जनवरी की शुरुआत होने से पहले ही कोरबा जिले में तापमान का पारा और नीचे आ गया है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में अब अलाव का सहारा लेने के लिए लोग मजबूर हो गए हैं। नगर निगम में कुछ क्षेत्रों में लकड़ियों की व्यवस्था कराई है जबकि बहुत सारे क्षेत्र में कोयला की खपत इसी वजह से बढ़ी है।

उत्तर भारत से आ रही सर्द हवाओं के साथ-साथ स्थानीय प्रभाव की वजह से मौसम के रूख में और ठंडापन रहा है। दिसंबर की विदाई से ठीक पहले मौसम ने अपने सख्त तेवर दिखाने शुरू किए हैं। इसलिए यहां के उलन मार्केट में अचानक से गर्मी देखी जा रही है। जबकि मौसम के असर को देखते हुए शाम के बाद से लेकर सुबह तक में फिर व्यस्त क्षेत्र में लोगों को अलाव का सहारा लेना पड़ रहा है। नगरीय निकायों के द्वारा लोगों की सुविधा को देखते हुए अनेक चौराहों पर अलाव की व्यवस्था कराई गई है लेकिन इसे ना काफी समझा जा रहा है इसलिए लोगों ने अपने स्तर पर भी इंतजाम किए हैं।



# डीएवी में तुलसी पूजन कर जानी महिमा

**कोरबा।** कुसमुंडा स्थित एसईसीएल के डीएवी स्कूल में परंपरागत रूप से तुलसी पूजन करने के साथ जन जागरूकता भी की गई। प्राचार्य चंद्रमोहन पांडेय और शिक्षण समिति के शैलेंद्र गुप्ता, कौशलेंद्र सिंह ने मार्गदर्शन किया। विद्यालय की शिक्षिका सीमादेव चंदेल व समस्त शिक्षकों ने प्रभातकाल में भक्ति गीतों से दिव्य वातावरण तैयार किया। शिक्षकों और विद्यार्थियों ने तुलसी पूजन कर उसके महत्व को जाना। स्कंध पुराण और ब्रह्म वैवर्त पुराण के संदर्भ यहां पर दिए गए। डीएवी स्कूल प्रबंधन ने बताया कि संत आशाराम बापू की प्रेरणा से यह कार्यक्रम विगत अनेक वर्षों से किया जा रहा है। तुलसी पूजन दिवस पर तुलसी के आठ पवित्र नाम और विकास के सूत्र भी बताए गए। योग वेदांत समिति के शैलेंद्र गुप्ता और अन्य सभी ने तुलसी पूजा नियमित रूप से करने का संकल्प लिया। विद्यार्थियों ने अपनी महान भारतीय संस्कृति के संस्कारों को जीवन में उतारने की शपथ ली। हवन-पूजन और आरती के साथ यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।




## बाबा के संदेश प्रासंगिक

**कोरबा।** पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने बाबा गुरूघासीदास की 269वीं जयंती पर्व के पावन अवसर पर कोरबा जिला मुख्यालय टी पी नगर स्थित सतनाम प्रांगण में आयोजित 3 दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित होकर बाबा गुरूघासीदास जयंती पर्व की कोरबावासियों को शुभकामनाएं देते हुए प्रगति, समृद्धि, अमन - चैन, सुख - शांति, की कामना की । पूर्व मंत्री श्री अग्रवाल ने अपने उदबोधन में कहा कि मनखे - मनखे एक समान का संदेश देने वाले बाबा गुरू घासीदास के द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है । गुरू घासीदास ने सत?य, समानता और मानवता का जो संदेश दिया, उसी संदेश के मार्ग पर चलकर हम समाज को और भी अधिक विकसीत और समृद्धि बना सकते हैं ।


**शीघ्र आवश्यकता है**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | प्रोडक्शन मैनजर | 01 |
| 2 | डिजाइन इंजीनियर | 03 |
| 3 | स्टोरकीपर | 01 |
| 4 | ड्राईवर | 03 |
| 5 | ऑफिस प्यून | 01 |

(केवल अनुभवी ही संपर्क करें)
ब्लैक डायमंड इक्यूपमेन्टस प्रा.लि.
प्लाट नं.: 156, इंदिरा व्यावसायिक परिसर एवं आवासीय परिसर, टी. पी. नगर- कोरबा.
ई-मेल : psb.bdepl@live.com
मो.-9926303360, 9131620609

नमः शिवाय
**प्लाट उपलब्ध**
डीडीएम रोड, नमन विहार तथा बुधवारी पेट्रोल पंप के पीछे प्लाट बिक्री हेतु उपलब्ध है।
संपर्क करें
6268146606

**आवश्यकता है**
विजय ज्वेलर्स जांजगीर में कार्य करने हेतु लड़के तथा लड़कियों की आवश्यकता है। स्थानीय व्यक्ति एवं जानकार व्यक्ति को प्राथमिकता दी जाएगी।
संपर्क करें
98261 06854
99816 31001








स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com